डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः- 'प्रोजेक्ट-के' की शूटिंग के दौरान घायल हुए अमिताभ बच्चन, पसली में लगी चोट

वर्ष -09 अंक -10 | प्रयागराज ,शुक्रवार, 10, मार्च, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी देश के सबसे बड़े नेता, पूर्वोत्तर में कोई भी दल हो, उनका समर्थन करना होगाः हिमंत बिस्वा सरमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गुवाहाटी।** मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने फिर सत्ता में वापसी की है। नगालैंड और त्रिपुरा में भाजपा गठबंधन ने चुनाव में जीत दर्ज की है, जबकि मेघालय में एनपीपी को समर्थन का एलान किया है। वहीं, एनसीपी ने चौंकाते हुए गुरुवार को नगालैंड में नेफ्यू रियो सरकार



को समर्थन देने का एलान किया। इसी बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का अहम बयान आया है। सरमा ने गुरुवार को कहा कि पूर्वोत्तर में चुनाव लड़ने वाले सभी दलों को यह समझना चाहिए कि आखिरकार उन्हें भाजपा का समर्थन करना ही होगा। सरमा ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए यह भी कहा कि पीएम मोदी देश के सबसे बड़े नेता हैं और क्षेत्र में हर कोई उन्हें पसंद करता है। दरअसल, सरमा से नगालैंड सरकार को जदयू और एनसीपी के समर्थन को लेकर एक सवाल पूछा गया था। जिसके जवाब में उन्होंने कहा, ठचुनाव लड़ने के लिए पूर्वोत्तर में प्रवेश करने से पहले सभी दलों को यह समझना चाहिए कि पानी समुद्र में मिल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे बड़े नेता हैं। नीतीश कुमार पर चुटकी सरमा से जब ये पूछा गया कि क्या जदयू की एनडीए में वापसी होगी। इस पर उन्होंने टिप्पणी से इनकार कर दिया। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, ठमैंने उन पर ज्यादा रिसर्च नहीं की है, लेकिन नीतीश कुमार के साथ आप किसी चीज की गारंटी नहीं दे सकते।

## पीएम मोदी आज एनपीडीआरआर के तीसरे सत्र का करेंगे उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को आपदा जोखिम न्यूनीकरण राष्ट्रीय मंच



(एनपीडीआरआर) के तीसरे सत्र का उद्घाटन करेंगे। पीएमओ ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एनपीडीआरआर के दो दिवसीय तीसरे सत्र का विषय जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर स्थानीय लचीलेपन का निर्माण है। पीएमओ के अनुसार, यह विषय जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर विशेष रूप से तेजी से बदलते आपदा जोखिम परिदृश्य के संदर्भ में स्थानीय क्षमताओं के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 10-सूत्रीय एजेंडे से जुड़ा है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगे। वर्ष 2023 के लिए इस पुरस्कार के विजेता ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ओएसडीएमए) और मिजोरम का लुंगलेई फायर स्टेशन हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में अभिनव विचारों और पहलों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। एनपीडीआरआर के सत्र में केन्द्रीय मंत्रियों, राज्यों के आपदा प्रबंधन मंत्रियों, सांसदों, स्थानीय स्वशासन के प्रमुख, विशिष्ट आपदा प्रबंधन एजेंसियों के प्रमुख, शिक्षाविद, निजी क्षेत्र के संगठनों, मीडिया और नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित 1000 विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। मालूम हो कि एनपीडीआरआर एक बहु-हितधारक राष्ट्रीय मंच है, जिसका अध्यक्ष केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह हैं। यर मंच आपदा जोखिम में कमा (डीआरआर) के बारे में विचारों, कार्य प्रणालियों और प्रवृत्तियों पर चर्चा करने के साथ-साथ विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। मालूम हो कि एनपीडीआरआर का पहला और दूसरा सत्र क्रमशः साल 2013 और साल 2017 में आयोजित किया गया था।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर बोले, जी 20 वर्ष में भारत 'विश्व को' और विश्व 'भारत को' कर रहा तैयार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत के जी20 अध्यक्षता वर्ष में देश 'विश्व को तैयार' कर रहा है और विश्व 'भारत को तैयार' कर रहा है। उन्होंने



गोल्डन हवेली का उद्घाटन किया, जो चांदनी चौक में स्थित है। इस हवेली का कायाकल्प भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय गोयल द्वारा कराया गया है विदेश मंत्री हवेली में एक घंटे से ज्यादा समय तक रुके और हवेली के तीनों तलों पर जाकर बारीकी से कमरों को देखा। उन्होंने हवेली में बैठकर कत्थक की प्रस्तुति एवं चांदनी चौक के स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। इस दौरान अन्य मेहमान भी मौजूद रहे कार्यक्रम की तस्वीरें साझा करते हुए जयशंकर ने ट्वीट किया कि आज गोल्डन हवेली, धरमपुरा का उद्घाटन कर प्रसन्नता हुई। इस अवसर के लिए विजय गोयल को धन्यवाद। हमारी संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यटन और रोजगार सृजन का विस्तार हो रहा है। विजय गोयल के मुताबिक, हवेली के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर जयशंकर ने कहा कि इस खूबसूरत विविधता वाले देश के प्रत्येक नागरिक को अपनी विरासत और संरक्षण पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम सभी अपनी संस्कृति एवं विरासत को समर्पण के साथ आगे बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## स्वप्ना सुरेश बोली- सीपीएम सचिव गोविंदन कर सकते हैं मेरी हत्या, देश छोड़ने की मिली धमकी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तिरुवनंतपुरम।** केरल सोना तस्करी मामले की मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश ने बीते दिन एक बड़ा दावा किया है। स्वप्ना ने कहा कि उसे



सीपीएम सचिव गोविंदन मास्टर से जान से मारने की धमकी मिल रही थी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के बारे में कोई नया खुलासा करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। स्वप्ना ने आरोप लगाया कि मास्टर ने उसे देश छोड़कर कहीं और बसने के लिए 30 करोड़ रुपये की मोटी रकम की पेशकश की। उसने कहा कि केरल के मुख्यमंत्री के पूर्व प्रमुख सचिव एम शिवशंकर के असली रंग को जानने के बाद सच्चाई का खुलासा करना शुरू किया। स्वप्ना ने बताया कि मुझे विजय पिल्लई नामक एक व्यक्ति से एक गुमनाम फोन आया, जिसने बैंगलोर से बाहर चले जाने को कहा। सोना तस्करी मामले की मुख्य आरोपी ने आगे कहा कि सीपीएम पार्टी के सचिव गोविंदन मास्टर ने ही उन्हें ये धमकी दी है। फेसबुक लाइव में बोलते हुए स्वप्ना ने कहा कि मुझे धमकी दी गई है कि अगर मैंने सीएम पिनाराई विजयन, उनकी बेटी और व्यवसायी युसुफ अली के बारे में बोलना बंद नहीं किया तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा स्वप्ना ने कहा कि केरल के मुख्यमंत्री विजयन के खिलाफ उनका कोई 'व्यक्तिगत एजेंडा' नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि मास्टर ने उन्हें 2 दिन का समय दिया है और देश छोड़ने को कहा है। स्वप्ना ने कहा कि मैंने अपने वकील को जिस नंबर से फोन आया और ईमेल पते का विवरण भेज दिया है स्वप्ना ने इसके बाद एक कड़े संदेश में कहा कि वह लड़ाई लड़ेंगी ।

## 'आग से खेल रहे हैं पीएम मोदी, अदाणी पर बोलें सच'


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद ।** तेलंगाना के मंत्री केटी रामाराव ने अपनी बहन और नेता 'के कविता' को ईडी के समन के बाद पीएम मोदी और भाजपा की



केंद्र सरकार पर हमला बोला है। रामाराव ने कहा कि अदाणी मामले फंसते देख प्रधानमंत्री मोदी और उनकी भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष को फंसाना शुरू कर दिया है। बीआरएस नेता ने हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जिस डबल इंजन की बात करते हैं, वह ठअदाणी का आर्थिक इंजन और मोदी का राजनीतिक इंजन हैठ। बीआरएस नेता ने कहा कि धमकाने की रणनीति दक्षिणी राज्य में काम नहीं करेगी। मंत्री ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए पूछा, कि क्या भाजपा में हर कोई राजा हरिश्चंद्र का भाई है। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए केटीआर ने कहा कि पीएम, अदाणी मामले पर उनके खिलाफ लगे आरोपों की बात क्यों नहीं करते हैं? हम कह रहे हैं कि गौतम अदाणी नरेंद्र मोदी के प्रॉक्सी हैं। क्या वह लाई डिटेक्टर टेस्ट लेंगे क्या उनमें देश के सामने आने की हिम्मत है केटीआर ने कहा कि उत्पीड़न और राजनीतिक प्रतिशोध और डराने-धमकाने की राजनीति नरेंद्र मोदी के लिए कहीं और काम कर सकती है। उन्होंने कहा कि वह आग से खेल रहे हैं और मुझे यकीन है कि आने वाले दिनों में उन्हें इसका एहसास होगा। बता दें कि अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी की जांच के दायरे में है। गौरतलब है कि केटीआर की बहन के कविता को दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी द्वारा बुलाया गया है। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पहले भी बीआरएस नेता से पूछताछ कर चुकी है।

## शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में भारत-अमेरिका संबंधों को मिलेगी और मजबूती, दोनों देशों के बीच बनी सहमति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 21 वीं सदी की वैश्विक जरूरतों को देखते हुए शिक्षा और कौशल विकास क्षेत्र में भारत और अमेरिका ने अपने आपसी संबंधों



को और मजबूत बनाने पर सहमति जताई है। साथ ही ऐसे क्षेत्रों को पहचान कर उस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का भरोसा जताया है। दोनों देशों के बीच यह सहमति भारत के दौरे पर आयी अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रेमॉनडो और केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बीच गुरुवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक के दौरान बनी है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री रेमॉनडो के साथ चर्चा में प्रधान ने देश में शिक्षा और स्किल के क्षेत्र में की जा रही अपनी पहलों को प्रमुखता से रखा। साथ ही बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वह देश की ज्यादा से ज्यादा युवा आबादी को किसी न किसी स्किल से जोड़ना चाहते है। इसके लिए पढ़ाई के साथ ही उन्हें स्किल से जुड़ा प्रशिक्षण भी देने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि आज के समय में डिग्री से ज्यादा कौशल व दक्षता महत्वपूर्ण हो गई है। दोनों देशों के मंत्रियों के साथ इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान 3-एस स्किलिंग के साथ स्टार्ट अप और छोटे व मध्यम उद्यम (एसएमईएस) के क्षेत्र में भी सहयोग पर भी चर्चा हुई है। गौरतलब है कि अमेरिकी वाणिज्य मंत्री रेमॉनडो इन दिनों भारत के दौरे पर है। वह 10 मार्च तक भारत में रहेंगी।

## गांधी के बयान पर उप राष्ट्रपति धनखड़ ने दी कड़ी प्रतिक्रिया, कहा- लंदन में राहुल की टिप्पणी देश का अपमान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** संसद में विपक्ष का माइक्रोफोन बंद करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर उप



राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राहुल ने जो भी कहा वह दुर्भावनापूर्ण और सोची-समझी रणनीति के तहत कहा है। इससे देश और संविधान का अपमान हुआ है। यदि इस मुद्दे पर मैं चुप रह जाता हूं तो गलत होगा। धनखड़ कांग्रेसी नेता कर्ण सिंह की मुंडक उपनिषद पर लिखी पुस्तक के गुरुवार को विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। राहुल ने लंदन में सोमवार को ब्रिटिश सांसदों से कहा था कि भारतीय संसद में विपक्ष को बोलने की आजादी नहीं है। उनका माइक्रोफोन अक्सर बंद कर दिया जाता है। धनखड़ ने कहा कि देश के बाहर किसी संसद सदस्य की इस तरह की टिप्पणी पूर्वनिर्धारित और दुर्भावनापूर्ण है। फिर भी अगर मैं चुप रह जाता हूं तो यह संविधान की अवमानना और सदस्य के तौर पर मेरी शपथ का अपमान होगा। इसलिए मैं अपने संवैधानिक दायित्व से विमुख नहीं हो सकता।दुनिया में हमारे लोकतंत्र की सराहना हो रही है। भारत जी-20 का अध्यक्ष है। यह गौरवपूर्ण क्षण है। किंतु में से कुछ सांसद बिना सोचे-समझे अपने ही देश के लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान कर रहे हैं। इस तरह के मनगढ़ंत और तथ्यात्मक रूप से अपुष्ट बयान पर चुप रहने का मतलब उसका समर्थन करना होगा।उप राष्ट्रपति ने कहा कि संसद में माइक बंद कर दिया जाता है, यह कहने की राहुल की हिम्मत कैसे हुई। हमारे पास हमारे इतिहास का एक काला अध्याय था, आपातकाल की घोषणा। किसी भी लोकतंत्र का काला दौर हो सकता है। लेकिन भारत का लोकतंत्र अब परिपक्व हो गया है। इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो सकती है। धनखड़ ने लोगों से ऐसी ताकतों को बेनकाब और विफल करने का आग्रह किया और कहा कि हम दुनिया के सबसे क्रियाशील लोकतंत्र हैं। भारत ने कई मुद्दों पर वैश्विक विमर्श को प्रभावित किया है। सभी भारतीय इससे प्रसन्न हैं कि देश इस तरह से उदयमान है जो पहले कभी नहीं था। धनखड़ ने कहा कि मैं कोई राजनीतिक पक्ष नहीं हूं, मैं दलगत रुख नहीं रखता, लेकिन संवैधानिक कर्तव्य में विश्वास करता हूं।

## महिलाओं के हाथ में होगी 3 हफ्तों के स्वच्छ उत्सव की कमान, 34 राज्यों के प्रतिनिधि दूसरे राज्यों का करेंगे दौरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शुक्रवार से शुरू हो रही तीन सप्ताह की स्वच्छता यात्रा पूरे



देश में साफ-सफाई के अभियान को नई धार देगी। खास बात यह है कि इस यात्रा की कमान पूरी तरह महिलाओं के हाथों में होगी। आवासन और शहरी विकास मंत्रालय के स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत महिलाओं को सिर्फ भागीदारी से आगे बढ़कर नेतृत्व की भूमिका दी गई है और इस अभियान को स्वच्छ उत्सव नाम दिया गया है। मंत्रालय इस अभियान के सहारे कचरा मुक्त शहर के बड़े लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को समर्पित इस उत्सव के दौरान शहरों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छ उत्सव की शुरुआत करने के साथ पहली बार स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में अग्रणी भूमिका निभा रही महिलाओं को सम्मानित करने के लिए एक प्रतियोगिता-विंस चैलेंज 2023 भी शुरू की गई है। यह अवार्ड शहरों में साफ-सफाई के लिए काम करने वाली महिला उद्यमियों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को प्रोत्साहन देगा। इस अवार्ड के लिए पांच श्रेणियों में आवेदन किए जा सकते हैं। स्वयं सहायता समूह, माइक्रो इंटरप्राइजेज, गैर सरकारी संगठन, स्टार्टअप और व्यक्तिगत महिला लीडर अथवा स्वच्छता चैंपियन। अवार्ड कुछ विशेष थीम के लिए दिए जाएंगे, जैसे सामुदायिक अथवा जन शौचालयों का प्रबंधन, दूषित जल के ट्रीटमेंट की सुविधा, सेप्टिक टैंक की सफाई, निकायों में जल संग्रह, वेस्ट टू वेल्थ प्रोडक्ट, तकनीकी नवाचार आदि। शहरी निकाय ही अवार्ड के लिए आने वाली प्रविष्टियों को छांटेंगे और पांच नाम संबंधित राज्य को भेजेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर आवासन और शहरी विकास मंत्रालय ज्यूरी के माध्यम से अवार्ड विजेता का चयन करेगा। स्वच्छता यात्रा का समापन तीस मार्च को होगा। तीस मार्च संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित जीरो वेस्ट अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अभियान के दौरान 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि 24 राज्यों का दौरा करेंगे। उद्देश्य यह है कि वे एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकें और स्वच्छता जैसे विषय पर मिलकर काम करने के लिए प्रेरित हों। यह अभियान एरिया लेवल फेडरेशन (एएलएफ) और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को चयनित शहरों में स्वच्छता दूत के रूप में काम करने का अवसर भी देगा। अभियान के दौरान सभी शहर स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पूरे भारत में 75000 कचरा मुक्त शहर इन्फ्लुएंसर का एक नेटवर्क कायम करेंगे।

## ऑस्ट्रेलियाई सैन्य अफसरों ने शत्रुजीत ब्रिगेड का किया दौरा, रक्षामंत्री राजनाथ ने समकक्ष के साथ की फोन पर बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई सेना के युवा अधिकारियों के दल का भारतीय सेना के शत्रुजीत बिग्रेड



का दौरा क्वाड देशों के साथ भारत के निरंतर गहराते रणनीतिक-सामरिक रिश्ते का ताजा उदाहरण है। आगरा स्थित शत्रुजीत ब्रिगेड जिसे सेना की 50वीं स्वतंत्रता पैरा ब्रिगेड के नाम से भी जाना जाता है। ऑस्ट्रेलियाई सेना के तीनों अंगों के अधिकारियों के दल का भारतीय सेना के लिए रणनीतिक रूप से अहम इस ब्रिगेड का दौरा करने के अपने गहरे सामरिक मायने हैं। ऑस्ट्रेलिया सेना अधिकारियों का भारतीय सेना के साथ पारस्परिक सहयोग की यह ताजा पहल ऐसे समय में हुई है, जब ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज भारत के आधिकारिक दौरे पर हैं। रणनीतिक और सैन्य सहयोग को आगे बढ़ाने की दोनों देशों की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अल्बनीज के भारत के आधिकारिक दौरे पर होने के दरम्यान ही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री रिचर्ड मार्लेस के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बातचीत विशेष रूप से रक्षा और सुरक्षा से संबंधित मामलों में दोनों देशों के बीच विश्वास और मित्र भाव को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया-भारत युवा रक्षा अधिकारियों के आदान-प्रदान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना, सेना और एयरफोर्स की चार महिला अधिकारियों समेत 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई दल ने गुरूवार को आगरा स्थित सेना के शत्रुजीत ब्रिगेड का दौरा किया। भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के सम्मान में स्थापित आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत ऑस्ट्रेलिया के युवा सैन्य अधिकारियों का चयनित दल भारत दौरे पर है। इस आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के 15 चयनित भारतीय अधिकारियों के दल ने भी ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के साथ आगरा स्थित शत्रुजीत ब्रिगेड का दौरा किया। यात्रा के दौरान इलिट पैराट्रूपर्स द्वारा निर्मित क्षेत्रों में लड़ाई से संबंधित प्रशिक्षण प्रदर्शनों की एक श्रृंखला में भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई सैन्य अधिकारी शामिल हुए। इन अधिकारियों ने दोनों देशों के सांस्कृतिक और पेशेवर पहलुओं को समझकर रक्षा संबंधों और सहयोग को बढ़ावा देने के अपने अनुभव साझा किए। ऑस्ट्रेलियाई सैन्य अधिकारियों ने शत्रुजीत ब्रिगेड के पैराट्रूपर्स के साथ भारतीय सशस्त्र बलों के सामरिक हवाई गठन की अनूठी भूमिका को भी समझा। शत्रुजीत ब्रिगेड जिसे बोलचाल की भाषा में पारस के नाम से जाना जाता है, भारतीय सेना की एक हवाई पैदल सेना रेजिमेंट है। इस ब्रिगेड में एयरबोर्न बटालियन, आर्टिलरी बैटरी, पैरा फील्ड अस्पताल, सिग्नल और इंजीनियर विंग आदि शामिल हैं।

# दो ट्रकों में टक्कर, गैस कटर-ग्राइंडर मशीन से काटकर निकाले गए ट्रक चालक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** कौंधियारा में दो ट्रकों की टक्कर हो गई। इस दौरान ट्रक चालक केबिन में ही फंसा रहा। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गैस कटर व ग्राइंडर मशीन से केबिन को काटकर घायल ट्रक चालक को बाहर निकाला।घटना कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के पास की है। जहां सुबह दो ओवरलोड ट्रकों में जबरदस्त टक्कर हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन भी बाधित हुआ। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रक की केबिन में फंसे ट्रक चालक को निकालने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद गांव के ही बंशीधर प्रजापति ने बताया कि पहले एक ट्रक चक्का टूटने के कारण सड़क के बीचों बीच खड़ी थी कि पीछे से आ रही दूसरी ट्रक चालक को शायद नींद आ गई जिसके कारण यह एक्सीडेंट हुआ। ट्रक की केबिन को काटने के उपरांत ही ट्रक चालक को केबिन से बाहर निकाला गया। ट्रक चालक लगभग 2 घंटे तक घायल अवस्था में तड़पता हुआ ट्रक की केबिन में ही फंसा रहा।



# ईट ऑन बिरयानी पर चल सकता है बुलडोजर




**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** उमेशञ्पाल हत्याकांड में जिस क्रेटा कार का इस्तेमाल अपराधियों द्वारा किया गया था, वह ईट ऑन बिरयानी के मालिक नफीस की थी। इसकी पुष्टि होने के बाद पुलिस नफीस को गिरफ्तार कर लगातार पूछताछ करने में जुटी है। हत्याकांड के बाद से पीडी टंडन रोड पर (बीएचएस के सामने) स्थित ईट ऑन बिरयानी रेस्टोरेंट पर ताला लटका है। संभावना यह भी है कि ईट ऑन बिरयानी पर भी बुलडोजर चल सकता है, क्योंकि यह भी अवैध बताया जा रहा है। पुलिस नफीस की पूरी हिस्ट्री तलाश कर रही है। उसके बैंक खाते से लेकर यह भी पता लगाया जा रहा है कि उसकी कमाई कितनी है और कमाई की धनराशि वह कहां भेज रहा है पुलिस की पूछताछ में नफीस ने बताया कि क्रेटा कार उसकी ही थी लेकिन उसने अपनी कार रुखसार को बेच दी थी। जबकि रुखसार अपने घर से गायब है।

# अशरफ की पत्नी और बहन समेत तीन का शांतिभंग में चालान, मुचलके पर छोड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** अशरफ की पत्नी बहन और एक लड़की को जबरदस्ती पकड़ने का मामला कोर्ट पहुंचा तो शुक्रवार शाम पुलिस हरकत में आ गई। तीनों महिलाओं का शांतिभंग में चालान कर दिया। इससे पूर्व उनसे गहन पूछताछ की गई थी, लेकिन उमेशञ्पाल के शूटरों के बारे में उनसे कोई जानकारी नहीं मिली। उमेश पाल हत्याकांड में फरार हुए अतीक के बेटे की तलाश में पुलिस ने अशरफ के ससुराल में छापामारी की थी। वहां से अशरफ की पत्नी जेनब फातिमा समेत तीन महिलाओं को पकड़ा था। इनमें अतीक की बहन भी शामिल थी। वह मेरठ से अशरफ के ससुराल पहुंची थी। इस बीच अशरफ की पत्नी के अधिवक्ता ने बिना कारण उनको कस्टडी में रखने का आरोप लगाते हुए कोर्ट से मदद की गुहार लगाई। कोर्ट के संज्ञान लेने के पूर्व ही एसीपी की कोर्ट ने तीनों को शांतिभंग में चालान कर मुचलके पर छोड़ दिया। कैंट थाने से अशरफ के रिश्तेदार उन्हें ले गए।



## उमेश पाल हत्याकांडः अतीक के फाइनेंसर माशूक का मकान किया गया ध्वस्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के खास गुर्गों के मकान पर लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई। आज अतीक के फायनेंसर माशूक प्रधान के बमरौली स्थित घर पर बुलडोजर चलाया गया।प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम मई पुलिस फोर्स पहुंची तो वह घर में घर में था। हालांकि माशूक के परिजनों ने विरोध किया लेकिन पुलिस ने उनको घर से निकाल कर मकान जमींदोज कर दिया। माशूक के परिवार वालों पर 40 से ज्यादा मामले लंबित हैं हैं। इनमें से अकेले 16 आरोपी पर हैं।



# प्यार का पहला नाम राधा मोहन' में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर खास संदेश - निहारिका रॉय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।** ज़ी टीवी का पॉपुलर फिक्शन शो 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' आज के वृंदावन पर आधारित एक रोमांटिक ड्रामा है। शो में शबीर अहलुवालिया, मोहन का इंटेंस किरदार निभा रहे हैं, जो इससे पहले ज़ी टीवी के सबसे लंबे चलने वाले शो 'कुमकुम भाग्य' में नज़र आ चुके हैं। दूसरी ओर, निहारिका रॉय राधा के रोल में नजर आ रही हैं। शो के हाल के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि मोहन से शादी करने के बाद राधा तुलसी की मौत का सच पता लगाने में जुटी है, और उसे दामिनी (संभावना मोहंती) और उसकी मां की शातिर योजना से भी जूझना पड़ रहा है। इस प्रक्रिया में राधा और मोहन अंजाने में एक दूसरे के करीब आ रहे हैं। इस दिलचस्प और नाटकीय प्लॉट को प्रमोट करने शो की लीड एक्ट्रेस निहारिका रॉय आज लखनऊ पहुंचीं। 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' रोज़ रात आठ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है। अपनी लखनऊ यात्रा को लेकर निहारिका रॉय बताती हैं, ''हमारे शो के लॉन्च के लगभग एक साल बाद मैं लखनऊ वापस आई हूं। मुझे कभी लखनऊ में होली खेलने का मौका नहीं मिला, लेकिन मैंने इस शहर में होली पर होने वाले भव्य समारोह के बारे में काफी सुना है। जहां तक 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' की बात है, तो इस शो में हम एक अलग तरह की होली की तैयारी कर रहे हैं। यह 'लट्ठमार होली' कहलाती है, जो भारत के कुछ हिस्सों में खेली जाती है। यह कहानी अपने दर्शकों को औरतों की सुरक्षा, उनकी सहमति और उनकी गरिमा को लेकर एक गंभीर संदेश देगी।'' निहारिका बताती हैं, ''यदि मैं आज अपनी लखनऊ यात्रा के बारे में बात करूं, तो मैं निश्चित तौर पर लखनऊ के स्पेशल गोलगप्पे, टुंडे के कबाब और चाट का स्वाद चखूंगी और मशहूर चिकनकारी कुर्तियां भी खरीदूंगी।'' इस समय शो में राधा और मोहन साथ में अपनी पहली महाशिवरात्रि मना रहे हैं, जहां राधा ने मोहन के लिए उपवास रखा है, और साथ ही अपनी बेटी गुनगुन को इस पवित्र दिन से जुड़े रीति-रिवाजों के बारे में बता रही हैं। इस भव्य समारोह के दौरान हूडी पहना एक आदमी दामिनी के खिलाफ सबूत ढूंढने में राधा की मदद करता है। आने वाले एपिसोड्स में मोहन के मामाजी की एंट्री देखने को मिलेगी, जो परिवार के होली उत्सव में नया मोड़ लाएंगे। जहां चारों तरफ रंगों का गुबार और होली का उल्लास होगा, वहीं दर्शक मामाजी का एक अलग रूप देखेंगे, जो होली पर कुछ अनहोनी घटनाओं के बीच सामने आएगा। असल में, मामाजी इस त्यौहार का गलत फायदा उठाएंगे और राधा को गलत तरीके से छूने की कोशिश करेंगे। इसी मोड़ पर यह शो अपने दर्शकों को महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर एक बेहद खास संदेश देगा। शुरुआत में सीधी-सादी नजर आने वाली राधा में अब पहले से ज्यादा आत्मविश्वास है और यह देखना दिलचस्प होगा कि किस तरह वो न सिर्फ अपने लिए आवाज़ उठाएगी, बल्कि उन बहुत-सी महिलाओं की आवाज़ भी बनेगी, जो इसी तरह के अनुभव से गुजर चुकी हैं। मोहन के मामा की अश्लील हरकत सबके सामने लाकर राधा उन्हें जिंदगी का एक बड़ा सबक सिखाएगी। यह ट्रैक इस बात पर केंद्रित होगा कि किसी भी महिला को खामोश रहकर इस तरह के अश्लील बर्ताव, मर्दों के घूरने और गलत तरीके से छूने की हरकतों को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए और हमेशा खुद के लिए खड़े रहना चाहिए।



# एमएसएमई विकास कार्यालय द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के विकास पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त ने उद्यमियों को विषय विशेषज्ञों से मार्केटिंग की जानकारी लेकर अपने उद्यम को नया आयाम देने के लिए प्रेरित किया जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित उद्यमी बंधुओं एवं उद्यम जगत से जुड़े सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठाये जाने के लिए कहा एमएसएमई-विकास कार्यालय प्रयागराज द्वारा शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के विकास पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होटल रामा कॉन्टिनेंटल, प्रयागराज में किया गया। मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्री एल.बी.एस. यादव, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज द्वारा मुख्य अतिथि श्री विजय विश्वास पन्तआई.ए.एस.मंडलायुक्त, प्रयागराज मंडल, श्री संजय कुमार खत्री, आईएएस, जिला अधिकारी प्रयागराजको अंगवस्त्रएवं पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री डॉ. संजय सिंह, साइंटिस्ट एवं हेड,पारी पुनर्स्थापन वन अनुशंधान केंद्र, प्रयागराज एवं श्री सुधांशु तिवारी, संयुक्त आयुक्त, उद्योग को भी अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया, साथ ही सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम समन्वयक श्री संजय कुमार निदेशक, एमएसएमई-कार्यालय, प्रयागराज ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए एमएसएमई मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही एमएसएमई क्लस्टर योजना, उद्यम रजिस्ट्रेशन के लाभ, इन्क्यूबेशन योजना, प्रोक्योरमेंट एंड मार्केटिंग स्कीम, स्फूर्ति योजना, जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट योजना के बारे में बताया साथ ही समयृ पर मंत्रालय द्वारा एमएसएमई के विकास के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसकी भी जानकारी दी तथा उन्होंने प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम के द्वारा दी गई जानकारियों का लाभ लेकर अपने उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. संजय सिंह, साइंटिस्ट, पारी पुनर्स्थापन वन अनुशंधान केंद्र, प्रयागराज द्वारा व्यवसाय के नए आयाम को बताते हुए एग्रो फॉरेस्ट्री के क्षेत्र में उद्यमियों को आह्वाहन किया। श्री सुधांशु तिवारी, संयुक्त आयुक्त उद्योगने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुएराज्य सरकार द्वारा उद्योगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विजय विश्वास पन्त मंडलायुक्त, प्रयागराज मंडल ने ऐसे कार्यशाला के आयोजन की सराहना की एवं सभी उपस्थित उद्यमियों को विषय विशेषज्ञों जैसे पैकेजिंग, डिजाईन, जेम, निर्यात, आईपीआर, मार्केटिंग की जानकारी लेकर अपने उद्यम को नया आयाम देने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात विशिष्ठ अतिथि जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने सभी उद्यमियों एवं सभी औद्योगिक संघों एवं अन्य उद्योग जगत से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया एवं साथ ही साथ एमएसएमई-विकास कार्यालय को इस प्रकार की राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन हेतु बहुत-बहुत बधाई एवं सराहना की। अपने संबोधन में जिलाधिकारी महोदय ने सभी उपस्थित उद्यमी बंधुओं एवं उद्यम जगत से जुड़े सभी प्रतिभागियों को मोटिवेट किया। उन्होंने एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम के टेक्निकल सत्र में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पैकेजिंग, नई दिल्ली से आए श्री दिनकर जोशी ने पैकेजिंग टेक्नोलाजी के ऊपर प्रतिभागियों को जानकारी दी जिससे कि प्रतिभागी अपने प्रोडक्ट का अच्छे से पैकेजिंग करके अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेंच सके। टेक्निकल सेशन में श्री एसोसिएटमनीष अरोड़ा, प्रोफेसर, बीएचयू ने प्रोडक्ट डेवलपमेंट एंड डिजाइन पर लेक्चर लिया तथा प्रतिभागियों को डिजाइन का महत्व समझाया। तत्पश्चात डिजिटल मार्केटिंग के लिए श्री राहुल सिंह, कंसलटेंट, जेम ने प्रतिभागियों को जेम रजिस्ट्रेशन पोर्टल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों से जेम पोर्टल पर आने का अनुरोध किया क्योंकि सरकारी खरीद फरोख्त सारी जेम के माध्यम से होती है इससे उनका व्यवसाय भी बढ़ेगा और आय भी बढ़ेगी। वालमार्ट के श्री शिवम् केशरी ने उद्यमियों को वालमार्ट से जुड़कर अपने व्यवस्य को आगे बढ़ने के लिए प्ररित किया। मार्केटिंग एक्सपर्ट श्री संजय श्रीवास्तव नेएमएसएमई-विकास कार्यालय प्रयागराज द्वारा चलाये जा रहे खाद्य प्रसंस्करण एवं फल संरक्षण पर प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों से उद्यमी समृद्धि अभियान से जुड़कर क्लस्टर बनाने के लिए आवाहन किया जिससे व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। श्री दुर्गेश बरनवाल ने बौधिक सम्पदा अधिकार के विभिन्न घटकों से परिचित करते हुए अपने व्यवसाय का पेटेंट ध् ट्रेड मार्क की प्रक्रिया साझा की। श्री वैभव खरे, सहायक निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज ने अंत में पैनल डिस्कशन का सेशन कराया जिसमें प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर एवं समाधान किया। औद्योगिक संगठन के श्री अरविन्द राय, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ, श्री एस.के.जैन.अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, श्री राजीव नायर, अध्यक्ष, एनआईए, श्री तरुण जग्गी, प्रतिनिधि, इस्टर्न यू.पी. चैम्बर आफ कॉमर्स, श्री आशीष केसरवानी, मंडल चेयरमैन, आईआईए ने कार्यक्रम की सराहना की तथा आगे भी इस तरह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर उद्यमियों को जागरूक करने की इच्छा व्यक्त की। विदेश व्यापार महानिदेशालय , वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के श्री अमित कुमार, आईटीएस ने निर्यात के प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एक्सपोर्ट करने की प्रक्रिया भी प्रतिभागियों से साझा की। श्री धनंजय कुमार झा, ब्रांच मैनेजर ईसीजीसी ने निर्यात उत्पादों का रिस्क इंश्योरेंस के सम्बन्ध में निर्यातकों को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में एमएसएमई विकास कार्यालय के श्री एस.के.गंगल ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन दिया।






# उमेश पाल हत्याकांड में फरार शूटरों पर बढ़ेगी इनाम की राशि, शासन को भेजा गया प्रस्ताव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** उमेशञ्पाल हत्याकांड में फरार शूटरों पर इनाम की रकम बढ़ाने की तैयारी है। अतीक अहमद के बेटे समेत अन्य शूटरों की धरपकड़ में पुलिस और एसटीएफ की टीमें यूपी समेत अन्य राज्यों में छापामारी कर रही हैं। इन सभी शूटरों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित है। गुरुवार को धूमनगंज पुलिस ने शूटरों पर इनाम की राशि बढ़ाने के लिए पुलिस आयुक्त के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेज दिया। जल्द ही इन शूटरों पर एक लाख से पांच लाख तक की इनामी राशि हो जाएगी। अतीक का बेटा असद - माफिया अतीक का बेटा असद उमेश पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। 50 हजार का इनामी असद सीसीटीवी फुटेज में उमेश पाल को गोली मारते हुए नजर आता है। इस पर इनाम की राशि बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।



# भाजपा ने अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष को पद से हटाया, प्राथमिक सदस्यता कायम; कई दिन से है हिरासत में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** उमेश पाल शूटआउट केस में नाम आने पर भाजपा ने अपने पार्टी पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की है। पार्टी ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष राहिल हसन को पद से हटा दिया है प्रयागराज में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की पूरी कमेटी को ही भंग कर दिया गया है अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष राहिल हसन के भाई मोहम्मद गुलाम के खिलाफ उमेश पाल शूटआउट केस में नामजद एफआईआर दर्ज है। इस मामले में गुलाम को शूटर बताया जा रहा है और वह वारदात के बाद से ही लगातार फरार चल रहा है। पुलिस ने राहिल हसन को हिरासत में ले रखा है वह पिछले कई दिनों से जांच एजेंसियों की कस्टडी में है। सोशल मीडिया पर लगातार हो रही किरकिरी के बाद भाजपा ने यह फैसला लिया है। महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने पूरी कमेटी को भंग किए जाने की जानकारी दी है।



# पूर्व माध्यमिक विद्यालय कि छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी मेंले में दिखाई अपना हुनर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हरहुआ।** छात्राएं हर समाज व हर पहलू पर आगे हैं बस इन्हें थोड़ी मदद कि आवश्यकता है उक्त बातें विकासखंड के अंतर्गत चक्का गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बने नाश्ते को चखा। जो स्वादिष्ट व स्वच्छ बना था। यह कलाकारी को देखकर शिक्षकों अभिभावकों ने खूब तारीफ की। वही प्रधाना अध्यापिका डॉक्टर सीमा सिंह ने कहा कि बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य इस



प्रांगण में आज विज्ञान प्रदर्शनी को विकसित करने के लिए छात्राओं द्वारा मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठ की छात्रा दीक्षा प्रजापति, रिया, खुशी, इत्यादि छात्राओं ने मिलकर अपने हाथों से मेले में पास्ता, पोहा, गुलाबजामुन, ब्रेड ,पकौड़े, इत्यादि के स्टाल लगाएं। जिसमें शिक्षकों व अभिभावकों ने मेले मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं का प्रदर्शन व कलाकारी बेहतर सफल रहा। शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं को गृहस्थ व भोजन बनाने का ज्ञान होना अति आवश्यक है। राजेश सिंह दोहरी, उर्मिला पटेल, सत्य प्रकाश सिंह ,सत्यम सिंह, संध्या यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान रेल कर्मियों की समस्याएँ सूनी समाधान का दिया आश्वासन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने।यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर का गहन निरीक्षण किया।इस दौरान महाप्रबंधक चन्द्र वीर रमण ने कहा कि कारखाने में उत्पादन एवं अन्य कार्य काफी बढ़िया हैं।विभिन्न शाप में नवीन कार्य किये जा रहे हैं,यांत्रिक कारखाना बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है,यहाँ के कर्मचारियों में जो कुशलता है उसका सही प्रकार से उपयोग होना चाहिये। महाप्रबन्धक ने यांत्रिक कारखाने में विभिन्न रेल यूनियनों के पदाधिकारियों से मुलाकात कर रेलकर्मियों की समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर मनोज कुमार अग्रवाल, मुख्य कारखाना प्रबन्धक योगेश मोहन, मुख्य कारखाना इंजीनियर बी.एस. दोहरे, सचिव महाप्रबन्धक डी.के.खरे, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, उप महाप्रबन्धक सामान्य कृष्ण चन्द्र सिंह,उप मुख्य कार्मिक अधिकारी मुख्यालय वी.के.द्विवेदी सहित वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे।निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने यांत्रिक कारखाने के थ्री-डी मॉडल का अवलोकन किया।उन्होंने लोकोमोटिव में प्रयुक्त होने वाले चक्कों,गियर व्हील, एल.एच.बी. व्हील्स एवं अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग का निरीक्षण किया। महाप्रबन्धक ने बियरिंग कक्ष में कम्प्यूटराइज्ड एयर गेजिंग सिस्टम, सेल्फलर्निंग क्योस्क, बियरिंग साउण्ड का निरीक्षण किया तथा ग्रीसिंग क्षेत्र व्हील डिस्क प्रेस इन एंड आउट एवं अन्य उपकरणों को देखा। स्प्रिंग शाप का निरीक्षण करते हुये उन्होंने आई.सी.एफ. कोचों के डिफेक्टिव स्प्रिंगों पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया।कम्पोनेंट शाप में महाप्रबन्धक ने एन.एम.जी.कोचों में प्रयुक्त कम्पोनेंट्स का निरीक्षण किया तथा फायर हाइड्रेंट सिस्टम का अवलोकन किया।इस दौरान बोगी शाप का निरीक्षण करते हुये महाप्रबन्धक ने बोगी शाप के उपकरणों एवं मॉडी फिकेशन फॉरइनहांस्ड सेफ्टी इन एयर कप्लर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सी.एम.एम.मशीन एवं फियेट बोगी के रख-रखाव का भी निरीक्षण किया। मेमू ट्रेनों हेतु ब्रेक सिलेण्डर टेस्ट बेंच का निरीक्षण भी महाप्रबन्धक द्वारा किया गया। निरीक्षण के अंतिम चरण में महाप्रबन्धक ने यांत्रिक कारखाने के जागृति कक्ष में यांत्रिक विभाग के वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ एक बैठक में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यांत्रिक कारखाने की जानकारी प्राप्त की। श्री रमण ने बैठक में यांत्रिक कारखाने की उत्पादन क्षमता में वृद्धि लाने हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण सुझाव दिये।पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी इसकी जानकारी दी।



# मरीज को समुचित इलाज हेतु दवा के लिए मेडिकल स्टोर का होना आवश्यक है-डा0 अखिलेश यादव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।**डाक्टर को भगवान् का दूसरा स्वरूप ऐसे ही नही कहा गया है।इंसानी जिंदगी बचाने के लिए डाक्टर का अहम योगदान होता है। किन्तु यह तभी सम्भव है जब चिकित्सक के द्वारा लिखी गई दवा उपलब्ध हो और समय समय से दवाओं हेतु मेडिकल स्टोर का होना आवश्यक है। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डा0अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे देश में जब भी कोई बीमार होता है तो वह चिकित्स्क के पास उस रोग के ईलाज के लिए जाता है। ईलाज के दौरान मरीज़ को दवाई लेने की सलाह भी दी दी गयी दवाई की पर्ची लेकर आता हैं तो वह दवाइयां उसे देना एक मेडिकल स्टोर का काम होता हैं। इस दौरान वरिष्ठचिकित्सक डॉक्टर अखिलेश यादव ने लोगो को सलाह दी है कि विटामिन-डी के सप्लिमेंट्स अमूमन दूध के साथ लेने के लिए कहा जाता है क्योंकि



मरीज दवा दी जाती हो। ऐसे मे चिकित्सा की क्षेत्र मे मरीज के लिए मेडिकल स्टोर की भूमिका भी कम नही होती है। उत्तर-प्रदेश के बलिया जनपद के बिल्थरारोड की कुण्डैल नहर स्थित अपना मेडिकल स्टोर का फीता कटकर उद्घघाटन करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डा0अखिलेश यादव ने कहा कि मरीज को समुचित इलाज के लिए जाती है।जो कि वह मेडिकल स्टोर से प्राप्त कर सकते हैं। मेडिकल स्टोर खोलकर लोग मरीज़ों की मदद भी कर पाते हैं और खुद भी रोज़गार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर का वह काम हैं।जो किसी भी अंग्रेजी डॉक्टर के द्वारा पर्ची पर लिखी गयी दवाइयों को उपलब्ध करवाना। यदि कोई व्यक्ति किसी डॉक्टर के द्वारा यह विटामिन वसा में घुलनशील होते हैं। इससे शरीर इन्हें आसानी से जज्ब कर पाता है। जो दूध नहीं पीते, वे पानी के साथ ले सकते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी धीरेन्द्र यादव, जनार्दन यादव,डा0गुलाब यादव,मुन्ना यादव अधिवक्ता संजय, नन्द बाबा, समीर अहमद प्रभुनाथ आदि काफी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

# फसल नष्ट करने का लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**लीलापुर थाना क्षेत्र के हन्डौर गाँव के मोहम्मद मुर्तजा सूत मोहम्मद शरीफ ने होलिका दहन के दौरान फसल नष्ट करने का कुछ के कुछ लोगों ने होलिका दहन के दौरान उनकी महुआ की लकड़ी उनके गेहूं के खेत से घसीटते हुए ले गए जिससे उनकी लगभग 12 से 14000 रुपए की



लोगों पर आरोप लगाया है। लीलापुर थाने में दी गई तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया है कि डान्डी ग्राम पंचायत के पंडित के पुरवा गेहूँ की फसल नष्ट हो गई है। उन्होंने आरोपियों से धन की वसूली करवा कर पीड़ित को दिलवाने की माँग की है।

# बलिया में भीषण एक्सिडेंट में दो युवकों की दर्दनाक मौत, दो घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जिले में एनएच 31 पर स्थित हल्दी थाना क्षेत्र के बादिलपुर मोड़ पर सड़क हादसे में दो युवकों




की मौत हो गयी, जबकि दो घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं, घायल युवक को जिला अस्पताल से वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सुनील यादव (30) पुत्र शंकर यादव (निवासी भदवरिया टोला, हल्दी, बलिया) व योगेन्द्र यादव उर्फ कंठी (27) पुत्र रामदयाल यादव (निवासी रूद्रपुर, हल्दी, बलिया) तथा सोनू उर्फ लैला (28) पुत्र इंद्रदेव यादव (निवासी रूद्रपुर, हल्दी, बलिया) बाइक से रूद्रपुर जा रहे थे। बादिलपुर मोड़ पर किसी वाहन ने इनकी बाइक में टक्कर मार दिया। एसआई मिथिलेश तिवारी मय फोर्स पहुंच गये। उन्होंने तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सुनील यादव पुत्र शंकर यादव (निवासी भदवरिया टोला, हल्दी, बलिया) व योगेन्द्र यादव उर्फ कंठी पुत्र रामदयाल यादव (निवासी रूद्रपुर, हल्दी, बलिया) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सोनू उर्फ लैला (28) पुत्र इंद्रदेव यादव को वाराणसी रेफर किया गया है। हादसे में घायल दीपक यादव (22) पुत्र हरिशंकर यादव (निवासी रूद्रपुर, हल्दी, बलिया) का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं, जिला अस्पताल में प्रधान प्रतिनिधि नितेश सिंह व पूर्व प्रधान संजय ओझा समेत तमाम ग्रामीण जिला अस्पताल पहुंचे है।

# सीएम योगी काली माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर लोक कल्याण की मांगी मन्नते

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।**उत्तर-प्रदेश के गोरखपुर मे गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजय नाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता



दर्शन में सीएम योगी ने 500 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक कार्रवाई का भरोसा दिया। उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने गोरखपुर में काली माता की पूजा की। उन्होंने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के परिसर में काली माता मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने हवन पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। इस दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने 500 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक कार्रवाई का भरोसा दिया। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीनी विवाद व कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थीं। मुख्यमंत्री ने इत्मीनान से उनकी परेशानी जानी और अधिकारियों से कहा कि ऐसी कार्रवाई करें कि कोई भी दबंग जमीन कब्जा करने की जुर्रत न कर आए। जमीन के आपसी विवाद के मामलों में उन्होनें पक्षों के बीच कॉउंसलिंग करने और तदुपरांत यथोचित विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया।

100% Placement

सीधे प्रवेश

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

15% Fee Concession

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➤ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➤ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➤ फायर सेफ्टी — सीसीए
➤ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➤ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➤ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➤ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर




Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# बलिया की रसड़ा मे सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** होली का पर्व होलिका दहन के पश्चात मनाया जाता है।परम्परा के अनुसार आपसी



भाईचारा प्रेम मेल मिलाप का यह पर्व बुधवार 8 मार्च को मनाया जायेगा।वैसे होलिका दहन सोमवार को नगर पालिका रसडा के समूचे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।होली पर्व आपसी सौहार्द का,मेल मिलाप, आपसी संबंध बनाये रखने,अबीर गुलाल रंगो का पर्व है। इस होली 8 मार्च को मनाई जाएगी ।विदित हो कि हिन्दी तिथि अनुसार 6-7 मार्च की रात्रि 12:23 बजे नगर के गांधी पार्क में विद्वान ब्राह्मणो ने विधि विधान से होलिका जलायी गयी। परम्परा अनुसार लोगो के परिक्रमा करने के पश्चात होलिका धन सम्पन्न हुआ। जनपद के रसड़ा मे होलिका दहन के पूर्व गांधी पार्क रसड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसको देखने के लिये लोगों का ताँता लगा रहा, जो देर रात्रि तक चला। इस रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम मे कलाकारो का राधा कृष्ण संग होली का अद्भुत दृश्य व छवि लोगों को भावविहोर कर गया। यह आयोजन समाजसेवी विनय शंकर जयसवाल नपा परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी के द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें नगर के सभी सम्मानित नगर वासियों की सहभागिता रही। जिसमे आये आगन्तुको पुष्प की वर्षा कर होली व स्वागत किया गया।

# यूपी के बलिया भोजपुरी लोक गायक पवन सिंह के स्टेज शो में चले ईंट-पत्थर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।**उत्तर-प्रदेश के बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के निकासी गांव में सोमवार की रात भोजपुरी गायक पवन सिंह के स्टेज प्रोग्राम में जमकर हंगामा हुआ। ईंट पत्थर चले, कुर्सियां टूटीं,पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी। हंगामा एक जाति विशेष पर बने गीत की फरमाइश को लेकर हुआ। पवन ने उस गीत को गाने से इंकार कर दिया।इसी के बाद किसी ने पवन को लक्ष्य करके पत्थर मारा।जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई।पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह मामले को शांत कराया बताया जाता है कि गांव में एक व्यक्ति के यहाँ उत्सव समारोह था,जिसमें पवन सिंह व गायिका शिल्पी राज का प्रोग्राम था।आयोजकों ने प्रशासन से अनुमति भी लिया था।पवन व शिल्पी को सुनने के लिये भारी भीड उमडी थी। सुरक्षा की दृष्टि से कई थानों की फोर्स, क्षेत्राधिकारी सहित पीएसी के जवान भी मुस्तैद थे। जब पवन स्टेज पर पहुंचे तो भीड में से ही किसी ने जाति विशेष पर पवन द्वारा पूर्व में गाये गीत को गाने के लिये फरमाइश कर दिया। पवन ने गीत को गाने से मना कर दिया। इसके बाद पवन को लक्ष्य करके किसी ने पत्थर मारा।

# पेट्रोल पम्प पर मिलने वाली सुविधाएं मात्र दिखावा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र ।** डाला स्थित पेट्रोल पम्प पर उपलब्ध होने वाली सुविधाएं महज खाना पूर्ति ही दिखाई दे रहा। डाला चढाई पर देखा जाय तो इंडियन ऑयल कारपोरेशन द्वारा जिन नियमों का पालन करना आवश्यक बताया गया वही सुविधाएं चाहिए. यही नहीं, किसी अनचाही दुर्घटना से निपटने के लिए सुरक्षा के जरूरी इंतजाम पेट्रोल पंप को करने होते हैं. वही शौचालय में गंदगी से भरा पड़ा है। खुद बखुद बीमारी का दावत दे रहा पेट्रोल पंप । पेट्रोल पंप पर जहां गाड़ियों में हवा डालने की सुविधा मुहैया कराने है वही मशीन महीनों से



पेट्रोल पम्प से गायब हैं । फर्स्ट एड बॉक्स : फर्स्ट एड बॉक्स आपको हर पेट्रोल पंप पर मिलेगा. सफर के दौरान अगर आपको किसी भी तरह की स्वास्थ्य परेशानी होती है या फिर आपको कोई चोट आ जाती है, तो हर पेट्रोल पंप पर आपको फर्स्ट एड बॉक्स मिलेगा.शौचालय और सुरक्षा के इंतजाम :पेट्रोल पंप पर शौचालय की सुविधा भी होनी बंद है। पूछने पर बताया गया कि मिस्त्री नही मिल रहा इस वजह से दिक्कत है । नही तो बनवा दिए होते। इसमें शामिल है वाटर कूलर, स्नैक बार, ढाबा, विश्रामालय, ट्रक ड्राइवरों के लिए वॉशरूम की व्यवस्था. इसके अलावा पेट्रोल पंप आपको टेलिफोन की सुविधा, एटीएम, रिपेयरिंग शॉप, टायर शॉप और लॉयल्टी कार्ड प्रोग्राम की सुविधा भी दे सकते हैं।

# तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई ,सिर फटा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी/ सोनभद्र।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के हथवानी मोड़ के समीप दोपहर साढ़े 3 बजे एक बाइक युवकों ने गंभीर रूप से 21 वर्षीय केशव पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम साउडीह हथवानी को दुद्धी सीएचसी दुद्धी भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार कर



सवार युवक के तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया जिससे उसके बाइक के परखच्चे उड़ गए वही सवार युवक के सिर कई स्थान पर फट जिससे युवक को काफी हेड इंज्युरी आयी । ग्रामीण जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। केशव दूसरे की बाइक ले तेज रफ़्तार से दुद्धी हाथीनाला मार्ग पर दौड़ा रहा था कि तेज घुमावदार मोड़ में उसे नियंत्रित नही कर सका और पेड़ से जा टकराया।

# अश्लील गाना बजाने पर मारपीट, तीन घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जिगना।** जिगना और विंध्याचल थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बुधवार की शाम मारपीट में तीन



लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों का उपचार कराकर जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम बहुती मय चकचौरा (श्रीनिवासधाम) में बुधवार को होली पर डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष के दो भाई घायल हो गए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सर्रोई भेजा है। बहुती गांव में जीतनारायण के लड़के सुरंजन व सूरज डीजे पर होली गीत बजा रहे थे। पड़ोसी ने अश्लील गाने बजाने पर डीजे बंद करने को कहा। नहीं मानने पर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसमें सूरज (22) व सुरंजन (18) घायल हो गए। थाना प्रभारी अरविंद पांडेय ने बताया कि चार के खिलाफ नामजद तहरीर मिली है। मामले की छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी घटना विंध्याचल थाना क्षेत्र के नीबी गहरवार की मुसहर बस्ती का है। तीन युवकों ने नशे में धुत होकर महिलाओं और लड़कियों के साथ अश्लील हरकत लगे। लोगों ने विरोध किया, फिर भी वे नहीं मान रहे थे। इससे नाराज बस्ती के लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। गोड़सर पांडेय गांव निवासी दो युवक भाग गए। तीसरे युवक नीरज उर्फ नियाज (32 ) को लोगों ने लिया। मामले की सूचना पाकर पहुंचे नदिनी चौकी प्रभारी जितेंद्र गिरी ने युवक को पकड़कर थाने भेज दिया। उन्होंने बताया कि मामला दूसरे समुदाय का होने के कारण पुलिस अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा माह की भव्य शुरुआत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनपरा (सोनभद्र)।** हिण्डालको, रेनूसागर पावर डिवीजन में 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह की भव्य शुरुआत कारखाना परिसर स्थित सुरक्षा लॉन में हुई। समारोह के मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष ऊर्जा के.पी.यादव ने फीता काट कर संकल्पित है, शून्य दुर्घटना से एक कदम आगे जीरो हार्म हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होने सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत रुप से चर्चा करते हुए कहा कि सभी कर्मियों को कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिष्चित करना चाहिए, सुरक्षा से संबन्धित छोटी सी भूल भयानक ब्यक्त करते हुए कहा कि लापरवाही व मनमानी दुर्घटना के मुख्य कारण है । हमें कार्य शुरु करने के पूर्व सुरक्षा के प्रति सुनिश्चित हो कर ही कार्य करना चाहिए, संस्थान का मुख्य उद्देस्देष्य है कि उच्च गुणवत्ता, सुरक्षा, स्वस्थ्य वातावरण के उन्नयन के प्रति कार्य करना है। कार्यक्रम समापन के



उदघाटन किया। तत्पचात भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुरक्षा ध्वज फहराकर सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई व हिण्डालको समूह के प्रबन्ध निदेशक का सुरक्षा संदेष प्रसारित किया गया। तत्पष्चात मुख्य अतिथि ने सुरक्षा जागरुकता माह के आयोजन को सम्बोधित करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारा प्रबन्धन सुरक्षा के प्रति दृढ़ दुर्घटना का कारण बन सकती है। मुख्य अतिथि ने सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु सभी को प्रेरित किया तथा प्रतिबद्धता दोहराई, अन्त में कहा कि यदि कोई भी कर्मी असुरक्षित तरीके से कार्य कर रहा हो तो हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम उसे समझायें कि वह सुरक्षित तरीके से कार्य करे। इसके पूर्व मेंटेनेंस हेड संजय कुमार सिंह,शैलेश विक्रम सिंह , गुलसन तिवारी ने भी उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार पूर्व जागरुकता हेतु सुरक्षा रथ को मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन व समापन हेड सरुक्षा अरविन्द सिंह ने किया। समारोह में मुख्य रुप से सुदिप्ता नायक, मनु अरोरा,समीर आनंद, कर्नल जयदीप मिश्रा , सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष के अलावा मान्यताप्राप्त श्रमिक संगठनो के पदाधिकारी सहित तमाम श्रमिक गण मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलने जाएंगे सीएम योगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।**हेलीकॉप्टर दो बजे देवकली इंटर कॉलेज जमालपुर में उतरेगा। सीएम करीब ढाई बजे ओडी गांव कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के घर पहुंचेंगे। पंद्रह मिनट कैबिनेट मंत्री के घर पर रहने के बाद मिर्जापुर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मिर्जापुर आएंगे। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके घर ओडी जाएंगे। सीएम का हेलीकॉप्टर दो बजे देवकली इंटर कॉलेज जमालपुर में उतरेगा। सीएम करीब ढाई बजे ओडी गांव कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के घर पहुंचेंगे। पंद्रह मिनट कैबिनेट मंत्री के घर पर रहने के बाद मिर्जापुर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हो जाएंगे। सीएम का हेलीकॉप्टर तीन बजे पुलिस परेड ग्राउंड उतरेगा। सीएम कार के द्वारा मां विंध्यवासिनी धाम पहुंचेंगे मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के बाद निर्माणाधीन विंध्य कॉरिडोर का निरीक्षण करेंगे। सीएम कार के द्वारा विंध्याचल से आयुक्त कार्यालय भी पहुंचेंगे। निर्माणाधीन विंध्य कॉरिडोर को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। शाम को करीब पांच बजे सीएम पुलिस लाइन परेड ग्राउंड से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।



# ओडी गांव पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और लोक निर्माण राज्यमंत्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जमालपुर।** क्षेत्र के ओडी गांव में उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की माता रामा देवी के निधन के बाद बृहस्पतिवार को प्रदेश के नेताओं और अधिकारियों का जमावड़ा लगा रहा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, लोक निर्माण राज्यमंत्री बृजेश सिंह ओडी गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर राज्यमंत्री ने ओडी-अदलहाट मार्ग की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। शोक व्यक्त करने वालों में चुनार विधायक अनुराग सिंह, एमएलसी विनीत सिंह, पिंडरा विधायक अवधेश सिंह, मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल, रमाशंकर सिंह, चकिया विधायक कैलाश आचार्य, भाजपा प्रदेश महामंत्री कौशलेंद्र सिंह, सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस, आनंद सिंह बंटू, काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, राजगढ़ ब्लाक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह, रामजनम कुशवाहा, धीरेंद्र सिंह, नरसिंह चौहान, धीरज सिंह जोशी, पटेल संदीप गुप्ता आदि शामिल थे।

# दो पक्षों में मारपीट, दो गिरफ्तार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रेणुसागर।** होली की पूर्व संध्या पर हुए मारपीट के मामले मे पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गत मंगलवार को रेणुसागर चौकी क्षेत्र के पश्चिमी परासी के तिवारी टेन्ट हाउस पर दो पक्षों में विवाद हो गया था। एक पक्ष ने तिवारी टेन्ट हाउस के मालिक आलोक तिवारी सहित कर्मचारियों को लाठी डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। जिसमें आलोक का सिर फट गया और उसके एक कर्मचारी के शरीर पर गंभीर चोट आई है। पीड़ित घटना की सूचना रेणुसागर पुलिस को दी। सूचना पर रेणुसागर चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को संयुक्त चिकित्सालय मे भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 6 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। रेणुसागर चौकी प्रभारी ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और बाकी चार की तलाश जारी है।

# नाव सवार होकर आएंगी माता, हाथी पर करेंगी प्रस्थान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** चैत्र नवरात्रि का त्योहार 22 मार्च, बुधवार से दो शुभ योग शुक्ल और ब्रह्म योग के साथ प्रारंभ हो रहा है। चैत्र नवरात्रि के प्रारंभ के समय में उत्तर भाद्रपद नक्षत्र है। उत्तर भाद्रपद नक्षत्र को ज्ञान, खुशी और सौभाग्य का संकेत माना जाता है। यह 22 मार्च को दोपहर चार बजकर 28 मिनट तक है। इस नक्षत्र के स्वामी शनि हैं और इसके राशि स्वामी गुरु हैं। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत शुक्ल योग में हो रही है। जो 22 मार्च को प्रातःकाल से लेकर सुबह 10 बजकर 07 मिनट तक है। उसके बाद से ब्रह्म योग प्रारंभ होगा जो अगले दिन तक रहेगा। चैत्र नवरात्रि 22 मार्च, बुधवार से 30 मार्च बृहस्पतिवार तक होगी। इस प्रकार पूरे नौ दिन की नवरात्रि होगी। एक भी दिन की हानी नहीं होगा। विंध्याचल शेरकोठी निवासी आध्यात्मिक धर्मगुरु त्रियोगी नारायण मिश्र ने बताया इस वर्ष चैत्र नवरात्र में माता रानी नाव पर सवार होकर आएंगी और हाथी पर प्रस्थान करेंगी। उन्होने बताया जब देवी नौका की सवारी पर आती हैं तो सभी के लिए सर्वसिद्धिदायक होता है। हाथी पर देवी के प्रस्थान करने से अच्छी बारिश का संकेत मिलता है। आध्यात्मिक धर्म गुरु ने बताया इस वर्ष के नव संवत्सर का नाम क्ष्नलक्ष् है। वर्ष भर संकल्प पूजा में नल नाम से ही संकल्प विनियोग होगा। कहा इस वर्ष के संवत्सर का राजा बुध और मंत्री शुक्र होंगें। राजा और मंत्री का प्रभाव भी मानव जीवन पर पड़ता है। शास्त्रों का हवाला देते हुए उन्होने बताया वर्ष का राजा बुध हों तो उस वर्ष वर्षा अच्छी होगी। आध्यात्मिक धर्मगुरु त्रियोगी नारायण मिश्र ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र पूरे नौ दिन का होगा। एक भी दिन की हानि नहीं है। घट स्थापना 22 मार्च को सुबह सूर्योदय से 7 बजकर 7 मिनट तक होगा। दूसरा मुहूर्त प्रातः 11 बजकर 36 मिनट से 12 बजकर 24 मिनट तक अभिजीत में मुहूर्त में कलश स्थापना किया जाएगा।

# हत्या के दोषी पति, देवर व सास को उम्रकैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** 10- 10 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी साढ़े 14 वर्ष पूर्व दहेज में बाइक की मांग



को लेकर जुलेखा बानो की जलाकर हत्या करने का है आरोप साढ़े 14 वर्ष पूर्व दहेज में बाइक की मांग को लेकर जुलेखा बानो की जलाकर हत्या करने के मामले में शनिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी पति, देवर व सास को उम्रकैद व 10- 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र निवासी मुजीबुर्रहमान पुत्र हजीबुल रहमान ने ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 8 वर्ष पूर्व उसकी बहन जुलैखा बानो की शादी ओबरा चूड़ी गली निवासी आफताब पुत्र हमीद अली के साथ हुई थी। शादी के बाद उसकी बहन अपनी ससुराल गई तो पहले ठीक था, लेकिन बाद में दहेज में बाइक की मांग को लेकर पति, देवर, सास व दोनों ननदें उसकी बहन को प्रताड़ित करने लगी। इस बात को लेकर कई बार पंचायत भी हुई। इसीबीच 5 मई 2008 को भोर में साढ़े तीन बजे बहन की ननद का फोन आया कि उसकी बहन की हालत सीरियस है। जल्दी गाड़ी लेकर आओ। जब बहन के घर गया तो बहन की पांच वर्षीय बेटी व अन्य लोगों ने बताया कि जुलैखा बानो को ससुराल वालों ने मारपीट कर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाकर जला दिया है। जब अस्पताल जाकर देखा तो बहन बुरी तरह से जल गई थी। बहन ने भी पूरी घटना की जानकारी दी।हालत गंभीर होने पर बहन को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। वाराणसी अस्पताल पहुंचते ही डाक्टरों ने जुलैखा बानो को मृत घोषित कर दिया। 6 मई 2008 को ओबरा पुलिस नेआफताब, महताब व शहजादी समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में पति, देवर व सास के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों पति आफताब, देवर महताब व सास शहजादी को उम्रकैद व 10 - 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

# मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले गिरोह के 05 सदस्य गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** वादी मनोज कुमार डाटा प्रोसेसिंग असिस्टेंट जन मृत्यु कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र द्वारा दिनांक 10.02.2023 को सूचना दी गयी कि श्री मनोहर लाल पुत्र हरवंश लाल नाम से दिनांक-02.02.2023 को मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या 3/2023.60339-000021 जारी



किया गया है, यह पूर्णतः फर्जी है । इस सूचना पर थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0 38/2023 धारा 419, 420, 468, 471 भादवि पंजीकृत किया गया । घटना के सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन श्री त्रिभुन नाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी सदर डॉ0 चारु द्विवेदी के निर्देशन में अपराध शाखा व थाना पन्नूगंज की संयुक्त टीम का गठन किया गया । इस टीम द्वारा अथक लगन व परिश्रम से आसूचना संजाल तैयार किया गया तथा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर दिनांक-02.03.2023 को घटना में संलिप्त इस गिरोह के 05 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त पंजीकृत अभियोग में धारा 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट की बढोत्तरी की गयी । पूछताछ का विवरण- पूछताछ करने पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य भवन लखनऊ के जन्म एवं मृत्यु आकंड़ा अनुभाग में स्टेट को-आर्डिनेटर के पद पर कार्यरत् यशवन्त द्वारा इन्हे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण जारी करने हेतु बनाये गये सीआरएस पोर्टल की आईडी व पासवर्ड दिया जाता है तथा इनके मोबाइल नम्बर को उस आईडी पर पंजीकृत कर दिया जाता है जिससे लॉगिन करते समय ओटीपी भी मिल जाता है जिसकी सहायता से हम जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य करते है जिसके एवज में हमे प्रत्येक प्रमाण पत्र पर धनराशि मिलती है । दिनांक02.02.2023 को एक व्यक्ति जिसका नाम-पता हमलोग नही जानते है श्री मनोहर लाल पुत्र हरवंश लाल निवासी 719 न्यू प्रेमनगर पोस्ट प्रेमनगर करनाल हरियाणा पिन- 132001 का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु हमें विवरण जरिये व्हाट्सएप भेजा था जिसे हमने बनाकर जरिये व्हाट्सएप उसे भेज दिया । इस कार्य के लिए हमें पैसे मिले । हमलोगो को जानकारी नही थी कि यह फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र हम हरियाणा के मा0 मुख्यमंत्री जी का बनाये है जानकारी होने पर हमने उसे सीआरएस पोर्टल की उसी आईडी से निरस्त कर दिया ।**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-** 1. प्रशान्त मौर्या पुत्र रामरतन मौर्या निवासी हरैया, थाना कोतवाली शहर, जनपद आजमगढ़ ।2. मोनू शर्मा उर्फ शिवानन्द शर्मा पुत्र उग्रनाथ शर्मा निवासी हरैया, पोस्ट भवरनाथ, थाना कोतवाली शहर, जनपद आजमगढ़ ।3. अंसार अहमद पुत्र स्व0 कमरूद्दीन अंसारी निवासी मेहनगर बाजार, थाना मेहनगर, जनपद आजमगढ़ ।4. मो0 कैफ अंसारी पुत्र अली हुसैन निवासी ग्राम गौरा, थाना मेहनगर, जनपद आजमगढ़ ।5. यशवन्त पुत्र बदन सिंह निवासी रिवाडी, थाना सकिट, जनपद एटा (जन्म मृत्यु आंकड़ा अनुभाग में स्टेट कोआर्डिनेटर के पद पर संविदा कर्मी) ।**बरामदगी का विवरण-**1. घटना में प्रयुक्त 04 अदद लैपटाप ।2. 07 अदद मोबाइल फोन ।**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 1. प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र ।2. निरीक्षक मो0 साजिद सिद्दीकी प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद सोनभद्र ।3. निरीक्षक शेषनाथ पाल प्रभारी एसओजी जनपद सोनभद्र ।4. प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र ।5. उ0नि0 सरोजमा सिंह, चौकी प्रभारी लोढ़ी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।6. उ0नि0 संजीव कुमार राय, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र । 7. मुख्य आरक्षी जगदीश मौर्या, मुख्य आरक्षी अतुल सिंह, मुख्य आरक्षी सौरभ कुमार राय, मुख्य आरक्षी प्रकाश सिंह, आरक्षी अमित सिंह, आरक्षी रितेश सिंह पटेल, आरक्षी अजीत यादव स्वाट/एसओजी/ सर्विलांस टीम जनपद सोनभद्र ।

# हवाई फायरिंग का विरोध करने पर राइफल की बट से पीटा, पिता-पुत्र घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चुनार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चुरामनपुर गांव में बुधवार की शाम मनबढ़ों ने लाइसेंसी राइफल से कई राउंड फायरिंग की। ऐसा करने से पड़ोसी ने मना किया तो पिता-पुत्र की राइफल की बट से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल पुत्र को इलाज के लिए वाराणसी ले जाया गया। वहीं, फायरिंग का वीडियो वायरल हो गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के चुरामनपुर गांव निवासी धीरेंद्र यादव और उनके पड़ोसी राजेंद्र यादव के परिवार के बीच भूमि संबंधित विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम राजेंद्र के भाई देवेंद्र की लाइसेंसी राइफल लेकर परिवार का युवक धीरेंद्र हवाई फायरिंग करते हुए गाली देने लगे। कई राउंड फायरिंग करने पर धीरेंद्र प्रताप और उनके पुत्र पवन ने मना किया। इस पर पांच-छह युवकों ने धीरेंद्र प्रताप और उनके पुत्र पवन को राइफल की बट व लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। इसमें पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन पवन को लेकर वाराणसी चले गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष के लोगों को पकड़कर थाने लाई। धीरेंद्र प्रताप यादव ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार को वह वाराणसी मंडी में दूध बेचने गया था। वहां से घर आया तो 10 से 12 लोग घर के पास बैठकर शराब पीकर गाली दे रहे थे। विरोध किया तो देवेंद्र यादव का पुत्र पंकज यादव पिता की लाइसेंसी राइफल लेकर आया और हवाई फायर करने लगा। इस बीच मनबढ़ युवकों ने कई बार फायरिंग और मारपीट की, जिससे उनका पुत्र पवन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार किया। कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि जिस राइफल से हवाई फायरिंग की गई थी, उसे जब्त कर लिया गया है।

# भारतीय तेज गेंदबाजों के परफॉर्मेंस से नाराज दिखे सुनील गावस्कर, बोले-नई गेंद का नहीं उठा सके गेंदबाज फायदा


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी पारी खेली। पहली पारी में भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो मोहम्मद शमी ने 2 और अश्विन और जडेजा बल्लेबाजों ने खुलकर रन बटोरे। ऐसा लग रहा था मानो नई गेंद लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज



क्रिकेट स्टेडियम में चौथा और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 90 ओवर में 4 विकेट खोकर 255 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर सलामी बल्लेबाज उसमान ख्वाजा ने 104 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, कैमरन ग्रीन 49 रन के स्कोर पर क्रीज पर मौजूद हैं। इसके अलावा, कप्तान स्टीव स्मिथ ने 38 रन की ने 1-1 विकेट चटकाए हैं। आज का दिन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के नाम रहा।वहीं, भारतीय गेंदबाजों के परफॉर्मेंस को लेकर भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर थोड़े नाराज दिखे। पहले दिन के अंतिम कुछ ओवरों में भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन से वो नाखुश थे। उन्होंने दिन के अंतिम सत्र में भारतीय गेंदबाजों द्वारा किए गए नई गेंद से गेंदबाजी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नई गेंद लेने के बाद टीम इंडिया के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। दूसरी नई गेंद इस्तेमाल किए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हों।उन्होंने आगे कहा कि नई गेंद लेने के बाद भारतीय गेंदबाजों को ज्यादा मेहनत करने की जरुरत थी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि आज जो भी भारतीय गेंदबाजों ने किया उसे लेकर वो लोग जरूर सोच विचार कर रहे होंगे।भारत - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, उमेश यादव और मोहम्मद शमी।

# भारत को और मजबूत बनाती क्रिकेट कूटनीति दोनों देशों में इस खेल को लेकर एक जैसा जुनून

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अहमदाबाद।** अतीत में पाकिस्तान के साथ क्रिकेट कूटनीति हमेशा चर्चा में रही है, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार वैश्विक पटल में इसे दुनिया के बड़े देशों के सामने साफ्ट पावर के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अलबनीज के साथ गुरुवार को अहमदाबाद में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा और अंतिम टेस्ट मैच देखा। मैच की शुरुआत से पहले दोनों ने गोल्फ कार्ट के जरिये नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 'लैप ऑफ आनर' लगाया। मोदी और अलबनीज ने अपने-अपने देश की क्रिकेट टीम के कप्तान क्रमशः रोहित शर्मा और स्टीव स्मिथ को टेस्ट कैप सौंपी। बीसीसीआइ अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने अलबनीज और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री मोदी को उनकी पेंटिंग देकर सम्मानित किया। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में दोनों देशों के बीच क्रिकेट खेलने के 75 वर्ष पूरे होने पर किए गए कार्यक्रम में मोदी और अलबनीज ने हजारों क्रिकेट प्रेमियों का अभिवादन स्वीकार किया। साथ ही टॉसके बाद अपनी टीम के साथ राष्ट्रगान गाया। टॉस के लिए खास सिक्का बनाया गया था जिसमें दोनों देशों के क्रिकेट संबंधों के 75 वर्षों को



उकेरा गया था। भारत चार मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। चौथे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट के नुकसान पर 255 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने सात जून से ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहले ही जगह बना ली है। भारतीय टीम अगर यह मैच जीतती है तो वह भी उसके लिए क्वालीफाई कर लेगी। निश्चित तौर पर क्रिकेट कूटनीति से भारत और ऑस्ट्रेलिया के रणनीतिक संबंध भी मजबूत होंगे। इससे पहले इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारत के पिछले इंग्लैंड दौरे में मैच देखने लाड्र्स स्टेडियम पहुंचे थे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री 2019 में भारत में हुए पहले डे-नाइट टेस्ट मैच को देखने आईं थीं। मोदी जब बांग्लादेश गए थे तो उन्होंने वहां के क्रिकेट कप्तान साकिब अल हसन की प्रशंसा की थी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विदेशी दौरों पर क्रिकेट के उदाहरणों से वहां के लोगों को भारत से जोड़ने का प्रयास करते हैं। भारत में चल रहे जी-20 समिट में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट और आइसीसी सीईओ ज्याफ एलर्डिस व रायसीना डायलाग में पूर्व इंग्लिश कप्तान केविन पीटरसन शामिल हुए थे। भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती-भारत और आस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट की प्रतिद्वंद्विता ऐसे मुकाम पर है जिससे कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत किया जा सकता है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों की शुरुआत आजादी से पहले 1941 में हुई। तब भारत के काउंसलेट जनरल ने सिडनी में ट्रेड आफिस खोला। 1944 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत में अपना राजदूत नियुक्त किया। भारत ने साल 1945 में ऑस्ट्रेलिया में अपना राजदूत नियुक्त किया-दिसंबर 2022 से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू हो गया है। इससे दोनों देशों के बीच 23 अरब डालर का व्यापार ड्यूटी फ्री हो गया है। 8 जनवरी 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत, ऑस्ट्रेलिया से 17 अरब डालर का आयात और 10.5 अरब डालर का निर्यात करता है-अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान क्वाड के अहम सदस्य हैं-प्रशांत महासागर में ड्रैगन के बढ़ते दखल के बाद ऑस्ट्रेलिया, चीन से कारोबार में कमी ला रहा है। उसका फायदा भारत को मिलने की संभावना है हो सकती हैं अहम घोषणाएं ऐसी संभावना है कि भारत ऑस्ट्रेलिया में रेयर अर्थ सेक्टर में बड़े निवेश का एलान कर सकता है-रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में अहम समझौते हो सकते हैं। जिसमें छोटे सोलर प्लांट पर दोनों देशों का फोकस होगा-भारत के स्किल कामगारों के लिए ऑस्ट्रेलिया नए दरवाजे खोल सकता है-पिछले कुछ समय से ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर हमले बढ़े हैं।

# हार की हैट्रिक लगा चुकी आरसीबी का सामना कल होगा यूपी से, स्मृति मंधाना ब्रिगेड को रहेगी पहली जीत की तलाश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग में अब तक अपने तीनों मैच गंवा चुकी रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना शुक्रवार





को साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच जोहानसबर्ग में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। गुरुवार को इस मैच का दूसरा दिन था। इस मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया दूसरे दिन लड़खड़ाती वेस्टइंडीज टीम को पूर्व कप्तान जेसन होल्डर का सहारा मिला। होल्डर ने नाबाद 81 रन की पारी खेली। पहली पारी में वेस्टइंडीज ने 251 रन बनाए। वहीं, दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 4 रन बनाए हैं। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 320 रन बनाए हैं।पहली पारी में साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी की बात करें तो एडम मार्करम ने 96 रन की पारी खेली थी। टोनी डीजॉर्जी ने 85 रन की पारी खेली। वहीं, सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने 42 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ, काइल मेयर्स और गुडाकेश मोती ने 3-3 विकेट झटके।वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने किया निराश वहीं, वेस्टइंडीज की पहली पारी के दौरान जेसन होल्डर ने नाबाद 81 रन की पारी खेली। हालांकि, होल्डर के अलावा किसी बल्लेबाज ने बड़ी पारी नहीं खेली। रॉस्टन चेज ने 26, काइल मेयर्स ने 29 की पारी खेली। साउथ अफ्रीका की ओर से सबसे ज्यादा विकेट जेराल्ड कट्जी ने 3 विकेट झटके। इसके अलावा, कगिसो रबाडा ने भी 2 विकेट झटके।से होगा। विस्फोटक बल्लेबाज एलिसा हीली की कप्तानी में यूपी की नजरें दूसरी जीत दर्ज करने पर होगी, जिसने अपने शुरुआती मुकाबले में गुजरात जायंट्स को रोमांचक मुकाबले में हराया था। वहीं दूसरे मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध हार झेलनी पड़ी थी, लेकिन इस मैच में ताहिला मैक्ग्रा की 90 रन की पारी खेली थी। आरबीसी के विरुद्ध भी टीम को मैक्ग्रा से वैसी ही आतिशी पारी की उम्मीद होगी। एलिसा हीली और उनकी टीम के लिए खराब दौर से गुजर रही आरसीबी के विरुद्ध जीत दर्ज करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा, लेकिन टी-20 क्रिकेट में कुछ भी कहा नहीं जा सकता।

# लड़खड़ाती वेस्टइंडीज टीम को मिला जेसन होल्डर का सहारा साउथ अफ्रीका का स्थिति मजबूत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच जोहानसबर्ग में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। गुरुवार को इस मैच का दूसरा



दिन था। इस मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया दूसरे दिन लड़खड़ाती वेस्टइंडीज टीम को पूर्व कप्तान जेसन होल्डर का सहारा मिला। होल्डर ने नाबाद 81 रन की पारी खेली। पहली पारी में वेस्टइंडीज ने 251 रन बनाए। वहीं, दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 4 रन बनाए हैं। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 320 रन बनाए हैं।पहली पारी में साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी की बात करें तो एडम मार्करम ने 96 रन की पारी खेली थी। टोनी डीजॉर्जी ने 85 रन की पारी खेली। वहीं, सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने 42 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ, काइल मेयर्स और गुडाकेश मोती ने 3-3 विकेट झटके।वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने किया निराश वहीं, वेस्टइंडीज की पहली पारी के दौरान जेसन होल्डर ने नाबाद 81 रन की पारी खेली। हालांकि, होल्डर के अलावा किसी बल्लेबाज ने बड़ी पारी नहीं खेली। रॉस्टन चेज ने 26, काइल मेयर्स ने 29 की पारी खेली। साउथ अफ्रीका की ओर से सबसे ज्यादा विकेट जेराल्ड कट्जी ने 3 विकेट झटके। इसके अलावा, कगिसो रबाडा ने भी 2 विकेट झटके।

# मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों के आगे सरेंडर हुए दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज एमआई ने लगाई जीत की हैट्रिक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टूर्नामेंट में अब तक एक भी मैच नहीं हारने वाली दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस की टीम



से हार का सामना करना पड़ा। गुरुवार को हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई का पलड़ा भारी रहा। मुंबई के गेंदबाजों के सामने दिल्ली के बल्लेबाज बेरंग दिखे और कप्तान मेग लैनिंग को छोड़कर सभी बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। मुंबई इंडियंस ने यह मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। दिल्ली की टीम 18 ओवर में 105 रन पर ही सिमट गई। इसके जवाब में मुंबई ने 15 ओवर में दो विकेट पर 109 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। वहीं, इस टूर्नामेंट में मुंबई ने जीत की हैट्रिक लगा दी है। दिल्ली की बल्लेबाजी की बात करें तो कप्तान मेग लैनिंग ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। इसके अलावा जेमिमा रोड्रिग्ज ने 25 और राधा यादव ने 10 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक को नहीं छू पाया। मुबई की गेंदबाजों ने इस मैच में कमाल का प्रदर्शन किया। सायका इशाक, इस्सी वोंग और हीली मैथ्यूज ने तीन-तीन विकेट चटकाए। मुंबई की ओर से यास्तिका भाटिया ने 32 गेंदों पर 41 रन की पारी खेली। इसके अलावा, हीली मैथ्यूज ने 31 गेंदों पर 32 रन बनाए। मुंबई का अगला मुकाबला को यूपी वॉरियर्स से होगा। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की टीम की भिड़ंत गुजरात जाएंट्स से होगी। दिल्ली कैपिटर्ल्स ॅघ्ः मेग लैनिंग (कप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, मरिजैन कैप, एलिस कैप्सी, जेस जोनासेन, तान्या भाटिया (विकेटकीपर), मिन्नू मणि, शिखा पांडे, राधा यादव और तारा नॉरिस मुंबई इंडियर्स ॅघ्ः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हेले मैथ्यूज, नेट साइवर-ब्रंट, अमेलिया केर, पूजा वस्त्राकार, इस्सी वोंग, हुमायरा काजी, अमनजोत कौर, जिंतिमनी कलिता और सायका इशाक



# राशिफल



**मेष-ःआज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।**

वृष-ःआज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-ःआज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।**

**कर्क-ःआज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।**

**सिंह-ःआज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।**

**कन्या-ःआज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।**

**तुला-ःआज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।**

**वृश्चिक-ःआज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।**

**धनु-ःआज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।**

**मकर-ः आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।**

**कुंभ-ःआज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।**

**मीन-ःआज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।**






# जेसन रॉय और क्वेटा ग्लेडिएटर्स ने रिकॉड्र्स बुक को हिलाकर रख दिया, मैच में रन की आंधी आई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग 2023 में 8 मार्च को खेले गए मैच में पेशावर जाल्मी और क?वेटा ग्लेडिएटर्स के बीच खेला गया। इस मैच में पेशावर जाल्मी ने बाबर सबसे बड़ा टारगेट चेज किया। यह जीत वर्ल्ड क्रिकेट में तीसरी सबसे बड़ी रन चेज रही। वहीं, इस दौरान पीएसएल में कई बड़े रिकॉड्र्स बने आइए जानते हैं इस आर्टिकल के जरिए। पेशावर जाल्मी के खिलाफ पांचवां सबसे बड़ा स्कोर रहा। जाल्मी के खिलाफ जेसन रॉय ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 141 रन बनाए और टीम को जीत में अहम योगदान दिया। यह स्कोर पाकिस्तान सुपर लीग



आजम के शतक के दम पर क्ववेटा के सामने जीत के लिए 241 रनों का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में रोड सी सपाट रावपिंडी की पिच पर क?वेटा ग्लैडिएटर्स ने इस स्कोर को 10 गेंद और 8 विकेट शेष रहते ही हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान सुपर लीग में उस वक्त इतिहास रच गया जब जेसन रॉय के तूफानी शतर के दम पर क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने पेशावर जाल्मी के खिलाफ पीएसएल का 2 विकेट के नुकसान पर क?वेटा ग्लेडियेटर्स ने 243 रन बनाए। यह पीएसएल में तीसरी सबसे बड़ी टीम रही, जिसने यह कारनामा किया। साल 2021 में जाल्मी के खिलाफ़ इस्लामाबाद यूनाइटेड का 2 विकेट पर 247 रन का सर्वोच्च स्कोर रहा था, इसके बाद 2022 में मुल्तान सुल्तांस ने ग्लेडियेटर्स के खिलाफ 3 विकेट के नुकसान 245 रन बनाए थे, लेकिन 8 मार्च 2023 को ज़ाल्मी का 2 विकेट पर 240 रन लीग में में सर्वोच्च किसी खिलाड़ी का स्कोर रहा है। इससे पहले साल 2019 में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ कराची किंग्स के लिए कॉलिन इनग्राम ने नाबाद 127 रन पारी खेली थी। जेसन रॉय ने शानदार बल्लेबाजी के दम पर पीएसएल में अपने 1000 रन पूरे कर लिए, जो कि उन्होंने अपनी कुल 27 पारी में हासिल किया। वह अब शान मसूद को पीछे छोड़ते हुए यह कारनामा करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज हैं, जिन्हें 29 पारियों की जरूरत थी। रॉय पीएसएल में कई शतक लगाने वाले तीन बल्लेबाजों में से एक हैं। जेसन रॉय ने महज 44 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो पीएसएल में किसी भी खिलाड़ी द्वारा दूसरा सबसे तेज शतक रहा। इससे पहले सबसे तेज शतक रिले रोसौव का है, जिन्होंने पिछले साल ग्लेडियेटर्स के खिलाफ मुल्तान सुल्तांस के लिए सिर्फ 43 गेंदों में शतक जड़ा था। पावरप्ले में 1 विकेट के नुकसान पर ग्लैडिएटर्स का स्कोर 88 रन रहा था। यह साल 2021 में ग्लेडियेटर्स के खिलाफ यूनाइटेड के 97/0 के पीछे पीएसएल में किसी भी टीम के लिए दूसरा सबसे बड़ा पावरप्ले का स्कोर रहा है। टी20 क्रिकेट में बाबर आज़म ने अपना आठवां शतक जड़ा। इस लिस्ट में केवल क्रिस गेल 22 शतकों के साथ बाबर से आगे हैं, जबकि आरोन फिंच, माइकल क्लिंगर और डेविड वार्नर, सभी के नाम आठ-आठ शतक हैं। बाबर और सईम अयूब के बीच पहले विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी देखने को मिली। यह पीएसएल में किसी भी जोड़ी के जरिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी रही। 2021 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ कराची किंग्स की शारजील खान और बाबर की सलामी जोड़ी ने 176 रनों की साझेदारी बनाई थी।

## सम्पादकीय

### महिला सशक्तीकरण की गाथा बराबरी की भागीदारी से अधिक खुशहाल होगी हमारी दुनिया

गत वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर मैं उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित समारोह में समापन भाषण दे रही थी। न्याय के बारे में बात करते हुए मुझे अंडर-ट्रायल कैदियों का खयाल आया और उनकी दशा के बारे में बोलने से मैं स्वयं को रोक नहीं पाई। मैंने अपने दिल की बात कही और उसका प्रभाव भी पड़ा। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं आपसे उसी तरह कुछ विचार साझा करना चाहती हूं, जो सीधे मेरे दिल की गहराइयों से निकले हैं। मैं बचपन से ही समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर व्याकुल रही हूं। एक ओर तो किसी बच्ची को ढेर सारा प्यार-दुलार मिलता है और शुभ अवसरों पर उसकी पूजा भी की जाती है। वहीं दूसरी ओर उसे जल्द ही यह आभास हो जाता है कि हमउम्र लड़कों की तुलना में उसके जीवन में अवसर एवं संभावनाएं कम हैं। महिलाओं को उनकी सहज बुद्धिमत्ता के लिए आदर मिलता है। पूरे कुटुंब में सबका ध्यान रखने वाली, परिवार की धुरी के रूप में उनकी सराहना की जाती है तो दूसरी ओर परिवार से जुड़े और यहां तक कि उनके ही जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों में उनकी कोई भूमिका नहीं होती और यदि होती भी है तो अत्यंत सीमित। एक छात्रा, अध्यापिका और बाद में एक समाज सेविका के रूप में घर के बाहर के परिवेश में ऐसे विरोधाभासी रवैये ने मुझे स्वयं हैरान किया। अक्सर मैंने यही महसूस किया है कि हममें से अधिकांश लोग व्यक्तिगत स्तर पर तो पुरुषों और महिलाओं की समानता को स्वीकार करते हैं, लेकिन सामूहिक स्तर पर वही लोग आधी आबादी को सीमाओं में बांधना चाहते हैं। यद्यपि मैंने अधिकांश व्यक्तियों को समानता की प्रगतिशील अवधारणा की ओर बढ़ते देखा है, किंतु सामाजिक स्तर पर पुराने रीति-रिवाज और परंपराएं पुरानी आदतों की तरह हमारा पीछा नहीं छोड़ रही हैं। विश्व की सभी महिलाओं की यही व्यथा-कथा है। महिलाएं अपना जीवन बाधाओं के बीच ही शुरू करती हैं। 21वीं सदी में जब हमने हर क्षेत्र में कल्पनातीत प्रगति कर ली है, तब भी कई देशों में कोई महिला राष्ट्राध्यक्ष नहीं बन सकी है। इससे भी दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि दुनिया के तमाम हिस्सों में आज भी महिलाओं को दोयम दर्जे का माना जाता है। यहां तक कि स्कूल जाना भी किसी लड़की के लिए जिंदगी और मौत का सवाल बन जाता है। हालांकि, सदैव ऐसी स्थिति नहीं रही। भारत में ही ऐसे कालखंड भी रहे, जब महिलाएं निर्णय लिया करती थीं। हमारे शास्त्रों और इतिहास में ऐसी महिलाओं का उल्लेख मिलता है जो अपने शौर्य, विद्वत्ता और प्रभावी प्रशासन के लिए जानी जाती थीं। आज भी अनगिनत महिलाएं अपनी पसंद के क्षेत्रों में कार्य करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही हैं। अंतर केवल इतना है कि उन्हें एक साथ दो स्तरों पर अपनी योग्यता तथा उत्कृष्टता सिद्ध करनी पड़ती है- अपने कार्यक्षेत्र में भी और घरों में। फिर भी वे शिकायत नहीं करतीं, लेकिन समाज से केवल इतनी आशा जरूर करती हैं कि वह उन पर भरोसा करे। इधर एक विचित्र स्थिति भी उत्पन्न हुई है। हमारे यहां जमीनी स्तर पर निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं का अच्छा प्रतिनिधित्व है, लेकिन जैसे-जैसे हम ऊपर की ओर बढ़ते हैं तो महिलाओं की संख्या घटती जाती है। यह तथ्य राजनीतिक संस्थाओं के संदर्भ में भी उतना ही सच है जितना नौकरशाही, न्यायपालिका और कारपोरेट जगत के लिए। जिन राज्यों में साक्षरता दर बेहतर है, वहां भी यही स्थिति दिखती है। स्पष्ट है कि केवल शिक्षा द्वारा ही महिलाओं की आर्थिक और राजनीतिक आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि समाज में व्याप्त मानसिकता को बदलने की जरूरत है। एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज निर्माण के लिए महिला-पुरुष असमानता पर आधारित जड़वत पूर्वाग्रहों को समझना तथा उनसे मुक्त होना जरूरी है। सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए सुविचारित प्रयास किए गए हैं, परंतु ये प्रयास महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। जैसे शिक्षा प्राप्त करने तथा नौकरियां हासिल करने में महिलाएं पुरुषों की तुलना में बहुत पीछे रहती हैं। उनके इस पिछड़ेपन का कारण सामाजिक रूढ़ियां हैं न कि कोई साजिश। तमाम दीक्षा समारोहों में शामिल होने का मेरा अनुभव यही बताता है कि यदि महिलाओं को अवसर मिले तो वे शिक्षा में पुरुषों से प्रायः आगे निकल जाती हैं। भारतीय महिलाओं तथा हमारे समाज की इसी अदम्य भावना के बल पर मुझे विश्वास होता है कि भारत महिला-पुरुष के बीच न्याय के मार्ग पर विश्व समुदाय का पथ-प्रदर्शक बनेगा। ऐसा कतई नहीं है कि पुरुषों ने आधी आबादी को पीछे रखकर कोई बढ़त हासिल की है। सच यही है कि यह असंतुलन मानवता को हानि पहुंचा रहा है।

## चिंतित करती प्रगतिशील समाज की चुप्पी, कई देशों की बेबस लड़कियों की स्थिति पर कोई आवाज न उठना हैरान करता है

ईरान के उप स्वास्थ्य मंत्री यूनुस पनही और वहां के सरकारी मीडिया के हवाले से आ रही खबरें बता रही हैं कि कट्टरपंथियों द्वारा ईरान के स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों को जानबूझकर जहर दिया जा रहा है। उनके द्वारा लड़कियों के स्कूलों पर जहरीली गैसों से हमला भी किया जा रहा है। गत वर्ष तेहरान के दक्षिणी भाग तथा अन्य शहरों में स्कूल जाने वाली सैकड़ों लड़कियां अचानक बीमार पड़ने लगीं। सभी की समस्याएं एक जैसी थीं। जैसे कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ, उलटियां, सिर दर्द आदि हो रहा था। इसके बाद बहुत सी लड़कियों को अस्पताल में दाखिल कराना पड़ा। अपनी स्कूल जाने वाली बच्चियों को इस तरह से बीमार होते देख उनके माता-पिता की चिंता स्वाभाविक थी। तब बहुत से अभिभावक इकट्ठे होकर ईरान सरकार से सवाल पूछने लगे कि उनकी स्कूल जाने वाली लड़कियों को ही ये समस्याएं क्यों हो रही हैं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? ऐसा क्यों हो रहा है तब सरकार के प्रवक्ताओं ने कहा कि वे और गुप्तचर एजेंसियां भी इसी काम में लगी हुई हैं। बाद में इन घटनाओं की न्यायिक जांच भी की गई। तदोपरांत विश्व के सामने यह भयावह जानकारी सामने आई है। ईरान की सरकार ने इन घटनाओं की लीपापोती करने की कोई कोशिश नहीं की। हम दुनिया के बहुत से देशों में अक्सर ऐसा होते देखते हैं कि सरकारें कट्टरपंथी शक्तियों के आगे झुक जाती हैं, ताकतवर सरकारें मुट्ठी भर कट्टरपंथियों की ब्लैकमेलिंग के आगे झुक जाती हैं और ऐसी घटनाओं पर कोई बयान देने या कार्रवाई करने से बचती हैं। लड़कियां पढ़े-लिखें, आखिर इससे ईरान के कट्टरपंथियों को इतना डर क्यों लग रहा है? लड़कियों के घर से बाहर निकलने पर उन्हें इतना डर क्यों लग रहा है? लगता है उन्होंने सोचा होगा कि न लड़कियां जिएंगी, न हिजाब



जैसी कुप्रथा का विरोध करने के लिए कोई आंदोलन चलाएंगी। कहावत है कि न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। इसलिए लड़कियों को जहर देकर खत्म कर दो। अफगानिस्तान में भी हम ऐसा होते देखते हैं, जहां कट्टरपंथी ताकतें लड़कियों को पढ़ने देना नहीं चाहतीं। इसके लिए उन पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। कट्टरपंथी तथाकथित संस्कृति का आवरण ओढ़कर लड़कियों को दोयम दर्जे की जिंदगी जीने पर मजबूर कर रहे हैं, डरा रहे हैं, भगा रहे हैं, मार रहे हैं। पढ़ने-लिखने के क्या-क्या काल्पनिक नुकसान हैं, ये बता रहे हैं। जो इनके चंगुल में नहीं आ रही हैं, उन्हें जहर दे रहे हैं। दरअसल कट्टरपंथियों को लगता है कि वे पढ़-लिख गईं तो हर तरह के अन्याय को चुनौती देने लायक हो जाएंगी। अब तक जिस-जिस तरह की छड़ियों से उन्हें पीटा गया है, उन्हें तोड़कर फेंक देंगी या छीनकर उन्हें ही पीटेंगी, जो सदियों से उन्हें कभी मजहब तो कभी परंपरा तो कभी संस्कृति के नाम पर पीटते आए हैं। कुछ साल पहले यूरोप में एक डाक्टर से मुलाकात हुई थी। तब वह विश्व स्वास्थ्य संगठन में काम करती थीं और महिला रोगों की विशेषज्ञ थीं। उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से सूडान भेजा गया था। उन्होंने वहां की महिलाओं को लेकर जो अनुभव बताए थे, वे रोंगटे खड़े कर देने वाले थे। डाक्टर होते हुए और दूसरे धर्म की होते हुए भी उन्हें सिर से पांव तक खुद को ढककर रखना पड़ता था। वहां लड़कियां गरीबी, भुखमरी, जल्दी होने वाले विवाह के कारण स्कूल नहीं जातीं। बहुत सी लड़कियों की पढ़ाई नौ साल की उम्र के बाद छुड़वा दी जाती है। आज के दौर में लड़कियों को पढ़ने-लिखने न देने की बात को सोचना भर ही कितना मुश्किल है। यह देखकर अफसोस होता ही है कि आज भी लड़कियों के रास्ते में कितनी बाधाएं हैं, लेकिन हर मत-मजहब के कट्टरपंथी महिलाओं की ताकत से डरते हैं, इसीलिए वे उन पर तरह-तरह की बंदिशें थोपते हैं। आज जब ईरान, अफगानिस्तान में महिलाओं को तरह-तरह से सताया जा रहा है तो खुद को भारी प्रगतिशील मानने वाले चुप्पी क्यों साधे हुए हैं? क्या मानवाधिकार और महिलाओं के अधिकारों के लिए बोलने पर लोगों के नाराज हो जाने पर आपको कोई चुनाव हारने का खतरा है? चुनिंदा चुप्पियां कितनी खतरनाक हो सकती हैं, क्या यह नहीं जानते? यदि ब्लैक लाइफ मैटर्स पर हम इतने उत्तेजित हो सकते हैं तो वुमैन लाइफ मैटर्स की आवाज हमारे कानों तक क्यों नहीं पहुंचती? हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, अंतरराष्ट्रीय बहनापा, ईच वन-टीच वन, आओ बहनों हाथ बढ़ाओ, कदम से कदम मिलाओ और देखो कि सारा जहां हमारा है आदि नारों का शोर दशकों से सुन रहे हैं। निःसंदेह ये नारे बहुत अच्छे हैं, मगर ईरान की उन लड़कियों के लिए क्यों नहीं, जिनको जहर दिया जा रहा है, मारा जा रहा है। देश-दुनिया में इतने महिला संगठन, इतने स्वयं सहायता समूह, इतने बुद्धिजीवी हैं, लेकिन उनकी ओर से ईरान-अफगानिस्तान आदि देशों की बेबस लड़कियों की स्थिति पर कोई विरोध तक नहीं हो रहा है, जो आज नहीं तो कल किसी न किसी तरह मारी जा सकती हैं। याद रखें कि इस बात की पुष्टि वहां की सरकार कर रही है कोई और नहीं। इसलिए इसे कुछ प्रचार माध्यमों या मीडिया का किसी सरकार को गिराने के लिए कोई दुष्प्रचार भी नहीं कहा जा सकता। लड़कियों का अपराध इतना भर है कि वे स्कूल जाना और घर से बाहर निकलना चाहती हैं। सोचिए यदि लड़कियां ही नहीं रहेंगी तो आप अंतरराष्ट्रीय बहनापा, सिस्टरहुड और लैंगिक समानता जैसे नारे किसके लिए लगाएंगे अभी भी समय है।

## उल्लास का अद्भुत आयोजन होली, सबको अनूठे ढंग से जीवंत एवं स्पंदित करने वाला त्योहार

प्रकृति के सौंदर्य और शक्ति के साथ अपने हृदय की अनुभूति को बांटना वसंत ऋतु का तकाजा है। चूंकि मनुष्य भी उसी प्रकृति की एक विशिष्ट कृति है, इस कारण वह इस उल्लास से अछूता नहीं रह पाता। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत की आहट मिलती है। परंपरा में वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है, इसलिए उसके जन्म के साथ इच्छाओं और कामनाओं का संसार खिल उठता है। फागुन और चैत्त के महीने मिल कर वसंत ऋतु बनाते हैं। फागुन की बयार के साथ मन मचलने लगता है और उसका उत्कर्ष होली के उत्सव में प्रतिफलित होता है। होली का पर्व वस्तुतः जल, वायु और वनस्पति से सजी संवरी नैसर्गिक प्रकृति के स्वभाव में उल्लास का आयोजन है। वसंत में ऋतु परिवर्तन का यह रूप सबको बदलने पर मजबूर करता है। वह परिवेश में कुछ ऐसा रसायन घोलता है, जो बेचैन करने वाला होता है। वह किसी को भी वह नहीं रहने देता। परिष्कार से वह कुछ और बन जाता है। वैसे भी मनुष्य होने का अर्थ ही होता है जुड़ना, क्योंकि स्वयं में



कोई अकेला व्यक्ति पूरा नहीं हो सकता। अधूरा व्यक्ति अन्य से जुड़कर ही अपने होने का अहसास कर पाता है। पारस्परिकता में ही जीवन की अर्थवत्ता समाई रहती है। यह पारस्परिकता भारतीय समाज में उत्सवधर्मिता के रूप में अभिव्यक्त होती है, जो ऊर्जा के अवसर उपस्थित करती है। रंगोत्सव या होली का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ सबको अनूठे ढंग से जीवंत और स्पंदित कर उठता है। पूर्णिमा तिथि की रात को होलिका-दहन से जो शुरुआत होती है, वह सुबह रंगों के एक अनोखे त्योहार का रूप ले लेती है, जिसमें 'मैं' और 'तुम' का भेद मिटा कर नकली दायरों को तोड़कर, झूठ-मूठ के ओढ़े लबादों को उतार कर सभी 'हम' बन जाते हैं। यह उत्सव आमंत्रण होता है उस क्षण का जब हम अहंकार का टूटना देखते हैं और उदार मन वाला होकर, अपने को खोकर पूर्ण का अंश बनने के साक्षी बनते हैं। रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करते लोग अपनी अलग-अलग पहचान से मुक्त होकर एक-दूसरे को छकाने और हास-परिहास का पात्र बनाने की छूट ले लेते हैं। छोटे-बड़े और ऊंच-नीच के घरौंदों से बाहर निकल कर लोग गाते-बजाते टोलियों में निकल कर प्रसन्नता के साथ मिलते-जुलते हैं। होली के अवसर पर खुलापन और ऊष्मा के साथ लोग स्वयं का अतिक्रमण करते हैं। अहंकार छोड़ कर आत्म-विस्तार का यह उत्सव नीरसता के विरुद्ध हल्लाबोल चढ़ाई भी होता है। सबको साथ लिए चलने के उत्साह के साथ होली कठिन होते जा रहे दौर में रस का संचार करती है। आज की दुनिया में हर कोई कुंठा और तनाव से जूझ रहा है। दबाव बढ़ता जा रहा है। सभी अपनी स्थिति से असंतुष्ट हैं, कुछ जितना है उसकी कमी से तो कुछ जो नहीं है, उसे पाने की चिंता से। कुछ न कुछ ऐसा है कि सभी वर्तमान का रस नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में नटखट, छैल-छबीले बनवारी श्रीकृष्ण बहुत याद आते हैं। श्रीकृष्ण सबका अतिक्रमण करते हैं और असंपृक्त होकर जीना सिखाते हैं। कुछ कहना तो सरल है पर उसे करना कठिन है। कृष्ण हैं कि वह सब कुछ करके दिखाते हैं। जीवन की गतिशीलता क्या होती है और जीवन के कुरुक्षेत्र का संग्राम किस तरह लड़ा जाता है, यह श्रीकृष्ण से ही सीखा जा सकता है। वह एक तरफ बनवारी हैं तो दूसरी तरफ गिरधारी। जीवन को पूर्णता से जीने का नाम कृष्ण है। उन्होंने जीवन को समग्रता से स्वीकार किया और सभी 16 कलाओं को जिया। श्रीकृष्ण ने परिस्थितियों से विराट न हो कर उन्हें स्वीकार किया और दो दो हाथ किए। ऐसे में होली का महोत्सव श्रीकृष्ण के स्मरण से ही पूरा होता है। भारतीय मन प्रकृति के साथ सहज निकटता का रिश्ता जोड़ कर जीने के लिए उत्सुक रहता है। सच कहें तो होली, फागुन और उमंग एक दूसरे के पर्यायवाची हो चुके हैं। वसंत नए के स्वागत के लिए उत्कंठा का परिचायक है और होली का उत्सव इसका साक्षात मूर्तिमान आकार है।

## तीन सालो के इंतजार के बाद त्रिशला में बिखरे होली के रंग

विगत 3 सालो के बाद, इस वर्ष त्रिशला फाउंडेशन का होली मिलन समारोह आज प्रयागराज के कर्नलगंज इंटर कॉलेज मैदान में




धूमधाम से मनाया गया। कोविड-19 के कारण विगत 3 वर्षो से बच्चो के स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया गया था। इस वर्ष कोविड केसेस में कमी आने के बाद त्रिशला का ख़ास कार्यक्रम ङ्खहोली के रंग त्रिशला के संगङ्ग का एक बार पुनः आयोजन किया गया। इस समारोह में खास तौर पर सेरेब्रल पालसी से प्रभावित बच्चें व उनके अभिभावकों ने अबीर गुलाल उड़ाते हुए बृज में खेली जाने वाली होली का आनंद उठाया व गीतों पर जमकर मस्ती की और साथ ही साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये। समारोह में होली के रंगो की फुहार और फूलो की बारिश के बीच मस्ती करते इन बच्चों के लिए आज का दिन बेहद ही खास बन गया। त्रिशला फाउंडेशन में इलाज कराने आये बांग्लादेश और नेपाल के विदेशी मेहमानो ने भी इस समारोह में होली के रंगों का जमकर आनंद उठाया। होली मिलन समारोह में बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर उनके अभिभावक भी खुशी से झूम उठे और उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर न सिर्फ मस्ती की बल्कि होली के परम्परागत गीतों पर भी खूब धूम मचाई। अबीर गुलाल से सजे माहौल में सेरेब्रल पालसी से प्रभावित बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ कर समारोह में उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुवात स्वागत गीत के साथ की गई उसके बाद सीपी बच्चों ने विविध कार्यक्रमों (संगीत, नृत्य, ग्रुप डांस, कविता एवं शायरी) से अपनी प्रतिभा का रंग इस होली के रंग में कुछ इस तरह घोला की कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग भाव विभोर हो गए। इस होली मिलन समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों की छवि देखने को मिली इस कार्यक्रम में अलग-अलग राज्यों से आये परिवारों ने राज्य के परंपरागत नृत्य की प्रस्तुति कर अपने-अपने राज्यों की संस्कृति को दर्शाया। सी.पी. से प्रभावित हैतिक चंद्राकर ने जहाँ गीत की प्रस्तुति कर लोगो के मन को भाव विभोर कर दिया वही सी.पी. चाइल्ड रिधिमा ने शलोक सुना कर माहौल को अध्यात्मिक बना दिया। जयेंका यादव जी ने त्रिशला फाउंडेशन के ऊपर स्व-लिखित कविता सुनाकर अपना भाव प्रगट किया। इसी के साथ सीपी प्रभावित बच्चों की मम्मियों ने भी होली गीत पर नृत्य कर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। त्रिशला फाउंडेशन के थेरेपिस्टो ने पारम्परिक ढोल मजीरों के साथ होली पर लोक गीत गाये। इस मौके पर बच्चों के रंग गुलाल से खेलने के साथ ही उन पर बरस रहीं फूलों की पंखुड़ियों ने एसा अहसास करवाया मानो प्रकृति भी झूम रही हो इन नन्हे-मुन्ने बच्चो के साथ। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव डॉ. वरिदमाला जैन, अध्यक्ष डॉ. जीतेन्द्र कुमार जैन, कोशाध्यक्ष श्री रमाशंकर श्रीवास्तव, न्यासी डॉ. ए.एन. वर्मा, एस.एन. गुप्ता एवं त्रिशला फाउंडेशन की पूरी टीम कार्यक्रम में उपस्थित रही। संस्था की सचिव डा0 वारिदमाला जैन ने कहा कि दिव्यांगजनों को त्योहारों में हिस्सेदारी कराना समाज का दायित्व है एवं संस्था के अध्यक्ष डा0 जितेन्द्र कुमार जैन ने अगामी योजनाओं एवं सी.पी. विलेज के कार्य में तेज प्रगति के बारे में वहाँ उपस्थित लोगों को जानकारी दी।

## ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 15-19 मार्च'2023 को आयोजित होगा 55वां आईएचजीएफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग'2023

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** दुनिया के सबसे बड़े हस्तशिल्प मेलों में से एक यानी आईएचजीएफ-दिल्ली फेयर स्प्रिंग' का 55वां संस्करण 15-19 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। यह मेला 15 से 19 मार्च, तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में विदेशी खरीदारों, बाइंग और सोर्सिंग प्रोफेशनल्स के साथ-साथ बड़ी मात्रा में घरेलू खुदरा खरीदारों के लिए खुला है। सभी हितधारक प्रतिभागी और आगंतुक इस मेगा सोर्सिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यवसाय के विस्तार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ईपीसीएच के महानिदेशक राकेश कुमार ने बताया कि सहारनपुर के मेसर्स लियो आर्ट्स (इंडिया) के परविंदर सिंह; जयपुर के मेसर्स ओशियन एक्जिम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के रवींद्र नाथ और नई दिल्ली के मैसर्स डी जी क्रिएशन्स के दीपक गुप्ता को आईएचजी एफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग रिसेप्शन कमेटी'2023 के उपाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है, क्योंकि वे अपने संबंधित क्षेत्रों में दिग्गज हैं। मुरादाबाद से मैसर्स श्री साईं डी आर्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले अवधेश अग्रवाल, जिन्हें हस्त शिल्प क्षेत्र में 25 से अधिक वर्षों का व्यापक अनुभव है, को पहले ही आईएचजीएफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग रिसेप्शन कमेटी'2023 के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने आगे कहा, समिति के उपाध्यक्ष के तौर पर नामित



रवीन्द्र नाथ, जो मैसर्स ओशन एक्जिम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधित्व करते हैं, 1976 से होम टेक्सटाइल का निर्यात करने वाले जयपुर के एक प्रमुख निर्यातक हैं और उन्हें निर्यात में उनके योगदान के लिए विभिन्न पुरस्कार भी प्राप्त हुए है। परविंदर सिंह मेसर्स लियो आर्ट्स (इंडिया) का प्रतिनिधित्व करते हुए 30 वर्षों के लिए लकड़ी के हस्तशिल्प का निर्यात करने वाले सहारनपुर के एक प्रमुख निर्यातक हैं और वहीं इसी तरह दीपक गुप्ता मेसर्स डी जी क्रिएशन नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हैं और नई दिल्ली के एक प्रमुख निर्यातक हैं जोकि 1990 से फैशन ज्वैलरी और एक्सेसरीज का निर्यात कर रहे हैं। अवदेश अग्रवाल, आईएचजीएफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग रिसेप्शन कमेटी'2023 के अध्यक्ष ने कहा कि आईएचजीएफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग रिसेप्शन कमेटी 2023 के लिए तीन उपाध्यक्षों का नामांकन निश्चित रूप से मेले के लिए फायदेमंद होगा और उनका व्यापक अनुभव और ज्ञान इस विश्व प्रसिद्ध आईएचजीएफ दिल्ली मेले को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि इन सभी के मूल्यवान इनपुट से आईएचजी दिल्ली मेले के 55वें संस्करण का सफल आयोजन होगा। मेले में खरीदारों और प्रदर्शकों के लिए विभिन्न अतिरिक्त सुविधाएं होंगी और हैंडीक्राफ्ट्स थीमेटिक डिस्प्ले, सेमिनार और फैशन शो भी होंगे। ईपीसीएच के चेयरमैन राजकुमार मल्होत्रा ने बताया कि पांच दिवसीय मेले में देश भर के हस्तशिल्प निर्यातकों के स्थायी मार्ट सहित 3000 हस्तशिल्प निर्यातक होम, जीवन शैली, फैशन, कपड़ा और फर्नीचर उत्पाद एक ही छत के नीचे प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह मेला अपनी तरह का अनूठा है और इस संस्करण में 2000 से ज्यादा नए उत्पादों और 300 से ज्यादा डिज़ाइन्स का विस्तृत चयन और प्रदर्शन होगा। इन्हें 14 उत्पाद श्रेणियों जैसे घरेलू सामान, होम फर्निशिंग, फर्नीचर, उपहार और सजावटी सामान ,लैंप और लाइटिंग, क्रिसमस और उत्सव की सजावट, फैशन ज्वैलरी और एक्सेसरीज, स्पा और वेलनेस, कालीन और कालीन, बाथरूम एक्सेसरीज, गार्डन एक्सेसरीज, एजुकेशनल टॉयज और गेम्स, हैंडमेड पेपर प्रोडक्ट्स और स्टेशनरी और लेदर बैग्स में प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में इंडिया एक्सपो सेंटर हॉल में शिल्प निर्माण केंद्रों और क्लस्टर्स का जोरदार प्रतिनिधित्व होगा, जो इसे एक व्यापक सोर्सिंग गंतव्य के रूप और सशक्त करेगा। इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के वर्मा ने सूचित किया कि ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 33253.00 करोड़ ( 4459.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जिसमें बीते वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 29.49झ् और डॉलर के संदर्भ में 28.90झ् की वृद्धि दर्ज हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सतना मुकुन्दपुर में 8 मार्च को श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर में चढ़ाया जायेगा आटिका महाप्रसाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** मुकुंदपुर थाना छेत्र श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष मिजाजी लाल तिवारी ने जानकारी दी कि गत वर्षों की भांति 75 वर्षों से लगातार परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ स्वामी के श्री पावन चरणों में 8 मार्च 2023 को आटिका महाप्रसाद चढ़ाया जायेगा प्रबंध समिति द्वारा बताया गया की? इस वर्ष आटिका महाप्रसाद अभिनव प्रसाद मिश्रा पिता स्वर्गीय मोतीलाल मिश्रा निवासी अमहिया रीवा को अनुमति प्रदान की गई है। समिति अध्यक्ष द्वारा जानकारी दी गई की आटिका महाप्रसाद चढ़ाने में एक बार में लगभग तीन लाख रूपए का खर्चा आता है सम्पूर्ण खर्च की जिम्मेदारी आटिका महाप्रसाद चढ़ाने वाले भक्त की होती है भगवान का आटिका महाप्रसाद चढ़ाने के लिए यहां नम्बर लगाया जाता और भक्तों को कई वर्ष इंतजार करने के बाद यह पावन अवसर प्राप्त होता है यह परम्परा रीवा महाराजा द्वारा संचालित की गई थी तब से आनावरत यह परम्परा चली आ रही है यहां तक बताया गया की अंतिम महाराजा महाराजा श्री मार्तण्ड सिंह जू देव कार्यक्रम में अंतिम तक रह कर भगवान के आटिका महाप्रसाद का वितरण कराया करते थे आज भी वहीं परम्परा संचालित है और रीवा राजघराने के लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहते है 8 मार्च 2023 को पुरातन से चली आ रही परम्परा आटिका महाप्रसाद का वितरण दोपहर 12 बजे से शुरू होगा भगवान का आटिका महाप्रसाद लेने के लिए आती है लाखों की भीड़ चारों तरफ पुलिस प्रशासन द्वारा रहता है सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम साथ ही लगता है मेला चारों तरफ रहता है फगुआ का माहौल खिलोनों और मिठाई की सजती है दुकानें झूले और अन्य मनोरंजन ,और सामानों की दुकानें लगी रहती है प्रबंधन समिति द्वारा बताया गया की इस वर्ष अत्यधिक हो सकती है भीड़ साथ ही अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को आटिका महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है ।

## उमेश कुमार गुप्ता बने राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (कृषक शक्ति) ने नोएडा सैक्टर-37 स्थित कार्यलय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर द्वारा नोएडा निवासी उमेश कुमार गुप्ता की सामाजिक कार्यों में सक्रियता, सांगठनिक क्षमता, संगठन के प्रति उनकी लगन व परिश्रम को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।पार्टी पदाधिकारियों व सम्मानित जनों की उपस्थिति में उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा गया।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर ने कहा कि आशा करते है कि आप संगठन के उद्देश्यों व पद की गरिमा को बनाये रखेंगें एंव संगठन को मजबूती प्रदान करेंगें।वहीं नवनियुक्त राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी उमेश कुमार गुप्ता ने संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करने में व किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अपना जी जान लगा देंगे।बताते चलें कि क्षेत्र की जनता को भी आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि वह सत्य, निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कर किसानों के साथी बनेंगे।वहीं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर समाज के लोगों ने खुशी व्यक्त की है।



## त्रिपुरा की जीत से महेश शर्मा का कद बढा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी की त्रिपुरा में जीत होने से त्रिपुरा प्रभारी गौतमबुद्ध नगर सांसद डाक्टर महेश शर्मा का कद और सम्मान पार्टी में बढ़ गया है। त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी की जीत का जश्न नोएडा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सभी कार्य कर्ताओं ने खूब जीत का जश्न मनाया और होली खेलीयुवा भाजपा नेत्री श्रीमती संतोष सिंह ने हमारे नोएडा ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ला से एक बातचीत में कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सार्थक हो रहा है इसलिए देश की जनता हर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीत दिला रही है। आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव के बारे में श्रीमती संतोष सिंह ने बड़ी बेवाकी से जबाव देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से जीतकर पुनः सरकार बनायेगी।



## राजस्थान पुलिस की एसआई नैना कंवल को दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**राजस्थान।** हरियाणा की रहने वालीं नैना अंतरराष्ट्रीय रेसलर भी है.दरअसल दिल्ली पुलिस जब हरियाणा के रोहतक में एक फ्लैट में दबिश देने पहुंची तो दरवाजा



हैं, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज। राजस्थान पुलिस की एघ् नैना कैनवाल को दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार राजस्थान पुलिस की सब इंस्पेक्टर नैना कैनवाल को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. नैना कैनवाल हरियाणा की चर्चित पहलवान भी राजस्थान पुलिस की एघ् नैना ने खोला. नैना के हाथ में दो पिस्तौल थी, पुलिस को देख कर नैना ने दोनों पिस्तौल खिड़की से बाहर फेंक दी, पुलिस ने दोनों पिस्तौल बरामद कर ली है. साथ ही नैना को अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार भी कर किया है।

## सरस मेले में वीकेंड पर उमड़ा जनसैलाब, जमकर की खरीदारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सैक्टर-33 ए स्तिथ नोएडा हाट में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित सरस मेले में शनिवार को भारी संख्या में खरीदारों का जनसैलाब उमड़ा जहां एक ओर लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों केवयंजन एवं मिलेट्स के व्यंजनों का स्वाद चखा। केंद्र सरकार का तीसरा सरस आजीविका मेला रविवार, 05 मार्च को समापन की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला अब मात्र एक दिन के लिए है, जिसका विधिवत समापन रविवार को होगा। मेले के अंतिम दिनों में तीसरे दिन शुक्रवार को उत्पादों पर विशेष छूट का लाभ उठाते हुए यहां जमकर खरीदारी की गई। सरस आजीविका मेले में शनिवार को राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान के द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मार्केटिंग में मिलेट्स के लिए चुनौतियां और अवसर विषय पर आयोजित वर्कशॉप में महिला समूहों को कुशल मार्केटिंग के तरीके बताए गए। एंसिएंट गोल्डन मिल की सीईओ शुभांगी सिंह ने बताया कि



आज के खानपान में मोटे अनाज जैसे बाजरा, ज्वार तथा रागी आादि को शामिल करना समय की जरूरत है। मिलेट्स को अपनाने में आज दुनियाभर के 72 देशों का समर्थन मिल रहा है। हमें भी अपने भोजन में इसे शामिल करना है। इसके लिए हमारी सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास कर रही है। उन्होंने मिलेट्स खाओ, खुद जान बचाओ पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए मोटा अनाज अत्यंत जरूरी है। यहां मुख्य रूप से एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया, सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश प्रसाद सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपसिथत रहे। सरस आजीविका मेले में रविवार तक 20 प्रतिशत का डिस्काउंट रखा गया है।

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा संस्था का हुआ विस्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की टीम ट्रांस हिंडन साहिबाबाद राजेंद्र नगर में



आयोजित की गई जिसमें काफी संख्या में विप्र बंधुओं ने हिस्सा लिया नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा द्वारा की गई मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल दत्त जी मौजूद रहे प्रमुख रूप से इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रचार मंत्री देवेंद्र भारद्वाज राष्ट्रीय मंत्री हरिओम शर्मा महामंत्री व महामंत्री संगठन भी मौजूद थे नहीं नहीं दादरी से दादरी अध्यक्ष अनिल मांगेराम शर्मा गौतम बुद्ध नगर के महामंत्री मास्टर राम कुमार शर्मा लोनी से विजेंद्र शर्मा भाजपा महानगर गाजियाबाद के अध्यक्ष संजीव शर्मा विधायक सुनील शर्मा पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ट्रांस हिंडन के अध्यक्ष नितिन शर्मा महानगर गाजियाबाद के अध्यक्ष पंडित सुभाष शर्मा आदि सभी मौजूद रहे सभी ने होली के शुभ अवसर पर होली की शुभकामनाएं दी और आव्हान किया ब्राह्मण एक झंडे के नीचे इकट्ठे होकर ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने में रूचि दिखाएं कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम हिस्सेदारी की।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का श्रीकांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में मनाया गया जन्मदिवस





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्म 5 मार्च 1959 को रायसेन जिला के बुधनी में हुआ था और आज 2023 को उन्होंने अपने जीवन काल के 64 वर्ष पूर्ण किए इस अवसर पर उनके शुभचिंतकों और चाहने वालों ने उनके जन्मदिवस को अलग अलग तरीके से मनाया त् मैहर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी ने भी इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के जन्मोत्सव को नन्हे बच्चों के साथ मनाया श्री चतुर्वेदी ने सभी नौनिहालों को उपहार देकर जन्मदिवस की खुशियों को साझा किया । खुशियों भरे इस यादगार पल में श्री चतुर्वेदी के साथ युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस शर्मा एवं पवन कोल नगर मन्त्री नागेश विश्वकर्मा,विपुल अग्रवाल,सजीव प्रजापति एवं अन्य लोग विशेष रुप से उपस्थित रहे ।

## सतना रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र नशीली कफ सिरप तस्करो के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** सतना पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता के आदेशानुसार थाना क्षेत्र में अवैध



मादक नशीली कफ सिरप तस्करो के विरूद्ध लगातार सतत अभियान चलाकर कार्यवाही करने के तारतम्य में। विश्वसनीय सूत्रो के माध्यम से अवैध नशीली कफ सिरप की तस्करी की सूचना पर दिनांक 04.03.2023 को उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) ख्याति मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान द्वारा उपनिरी. ओशो गुप्ता चौकी प्रभारी बेला के हमराह टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम ग्राम केमार गोविन्दगढ मोड के आगे ओव्हर ब्रिज के पास रोड में रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान संदेही नरेन्द्र पटेल उर्फ छोटू को हमराही स्टाफ के साथ पकडा गया जिससे पूछ ताछ किया गया जो पूछ ताछ पर अमरपाटन तरफ से अपनी मारूती सुजकी कार क्र. में एक सफेद रंग की बोरी में नशीली कफ रखे होना एवं विक्री करने हेतु चोरहटा रीवा तरफ ले जाने के लिये जाना बताया मौके पर बैधानिक कार्यबाही कर आरोपी नरेन्द्र पटेल उर्फ छोटू पिता मंगलदीन पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी खजुरी ताल थाना अमरपाटन जिला सतना (म.प्र.) के अधिपत्य से एक बोरी के अंदर 240 शीशी आनरेक्स कम्पनी की नशीली कफ सिरप कीमती लगभग 36,000/- रू एवं एक अदद मारूती सुजकी कार क्र. कीमती लगभग 600,000/- रुपये कुल कीमती मशरूका 636,000/- रुपये का जब्त कर थाना रामपुर बाघेलान में अपराध क्रमांक 144 / 2023 धारा 8,21,22 5/13 म.प्र. ड्रर्स कंट्रोल एक्ट का कायम किया जाकर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है। **आरोपीगण का नाम पताः-** नरेन्द्र पटेल उर्फ छोटू पिता मंगलदीन पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी खजुरी ताल थाना अमरपाटन जिला सतना (म.प्र.) जब्त सामग्री - 240 शीशी आनरेक्स नशीली कफ सिरप कीमती लगभग 36,000/- रू, एवं एक अदद मारूती सुजकी कार क्र. कीमती लगभग 600,000/- रुपये कुल कीमती मशरूका 636,000/- रुपये **सराहनीय भूमिकाः-** सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरी. संदीप चतुर्वेदी थाना प्रभारी रामपुर बाघेलान, उप निरी. ओशो गुप्ता, प्र.आर.रवींद्र दोहरे, प्र.आर. ओम नारायण मिश्रा, प्र.आर.बृजेश सिंह, आर. अजय पाण्डेय, आर.वेद प्रकाश यादव, आर.अनूप मिश्रा, आर.अमित दुवे, आर.प्रवीण तिवारी, आर.गौरव मिश्रा, आर.देवेन्द्र सिंह, आर.नीलेश यादव, आर.विश्वदीप तिवारी,आर. रामानुज दुवे,सैनिक विनोद चतुर्वेदी एवं साइबर सेल प्रभारी अजीत सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला उन्नति संस्था ने महिलाओं को किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला उत्थान को



समर्पित सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था द्वारा चलाए जा रहे सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज गौतम बुध नगर इकाई द्वारा नोएडा महिलाओं और बच्चियों को कैसे सुरक्षित किया जाए । इसी विषय में जिला अध्यक्ष, रेनू बाला अध्यक्षा, नोएडा महानगर अध्यक्षा, कविता सिंह एवं पूजा अवाना, अध्यक्षा नोएडा देहात इकाई ने एस एच ओ साइबर क्राइम रीता यादव से उनके कार्यालय में जाकर भेट की । तथा उनसे साइबर क्राइम के केस के विषय में भी चर्चा की । बढ़ते हुए साइबर क्राइम को देखते हुए महिलाओं और बच्चियों को कैसे सुरक्षित एवं उन्हें कैसे बचाया जाए , इस संदर्भ में उनसे विस्तार से चर्चा करते हुए विशेष एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई । संस्था के बारे में बताते हुए उन्हें संस्था का नारी सम्मान स्मृति चिन्ह, पटका पहना कर एवं पर्यावरण को मध्य रखते हुए पौधा भेंट कर समानित किया ।

## पुलिस चौकी देवी जी थाना मैहर पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता बलिका को 07 दिन के भीतर किया गया दस्तयाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।**आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक सतना के कुशल निर्देशन एवं एसडीओपी मैहर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मैहर के नेतृत्व में



नाबालिग अपह्रता बलिका को किया गया दस्तयाब । घटना विवरण दिनांक 25.02.23 को फरियादी रमेश (परिवर्तित नाम) का थाना मैहर मे रिपोर्ट दर्ज किया कि इसकी लड़की रोशनी (परिवर्तित नाम ) निवासी मानपुर डडियन टोला थाना मैहर जिला सतना का उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट किया कि दिनांक 24.02.23 को वह अपनी रिस्तेदारी मे गया था घर मे उसकी लडकी व उसकी मां थी दिनांक 25.02.23 को रिस्तेदारी से वह पत्नी के साथ अपने घर आया तो उसकी मां ने बतायी कि बीतीरात हम लोग खाना खाकर सो रहे थे रात 02.00 बजे मै उठी तो देखी कि मेरी नातिन घर पर नही थी घर के सभी लोगो को जगाकर बोली कि नातिन नही है तब घर से सभी लोग गांव व मोहल्ले मे जाकर पता किये किन्तु नातिन का कोई पता नही चला तब वह अपनी पत्नी के साथ थाना आकर रिपोर्ट किया था फरियादी की रिपोर्ट अपराध क्र.139/23 धारा 363 ता.हि का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया विवेचना दौरान अपह्रता बालिका की पता तलास हेतु टीम गठित कर रवाना की गई जो अपह्रता को 07 दिवस के अन्दर मानपुर मैहर मे दस्तयाब किया गया एवं अपह्रता बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया । सराहनीय भूमिका चौकी प्रभारी उनि. सन्तोष सिंह उलाडी , प्र.आर.765 प्रमोद गुप्ता ,प्र.आर.454 पुष्पेन्द्र शुक्ला ,आर.1052 सौरभ लखेरा ,आर.30 प्रदीप मिश्रा ,आर.1031 मोहन दांगीं

## सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट ने उभरते हुए फैशन डिजाइनरों के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** महिलाएं समाज की प्रेरक शक्ति हैं और यह समय है उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के जश्न मनाने का। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सैक्टर-62 नोएडा स्थित सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट ने ठट्रिप्टिक 2023ठ वार्षिक फैशन शो आयोजित किया, जिसमें टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन डिजाइन, फैशन कम्युनिकेशन, पीजीडीएफडी और लाइफस्टाइल एक्सेसरीज से संबंधित 61 छात्राओं ने15 थीम्स पर आधारित अलग-अलग कलेक्शन पेश किए गए, जो महिलाओं के विभिन्न भूमिकाओं और संदर्भों से संबंधित थे। सत्यम संस्थान की चेयरपर्सन श्रीमती स्नेह सिंह और सेक्रेटरी प्रदीप गुप्ता ने छात्रों के जोश और रचनात्मकता की प्रशंसा की और उनके भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दी। वार्षिक फैशन शो ट्रिप्टिक 2023 का शानदार आयोजन सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल डॉ वंदना जगलान और वाईस प्रिंसिपल डॉ नीतू मल्होत्रा की निगरानी में किया गया। सत्यम फैशन इन्सटीट्यूट की उभरती डिज़ाइनर छात्राओं ने अपनी जिन 15 क्रिएटिव थीम्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया वो थी लिवा, धरित्री, इंडी ब्लिस, डार्क ब्लूम, जूफिलिस्ट, तासीर, मेराकी, ट्रूली ट्राइबल, कलर योर प्रोफेशन, चेंज अहेड, स्लाइस इट अप, परिवर्तन, हीलर्स-द इंस्पिरेशनल एंजल्स, छाप और हैंडलूम - माय प्राइड। डिज़ाइनर छात्राओं के यह कलेक्शन अपने आप में खूबसूरती, शुद्धता, स्पष्टता और रायल्टी का प्रतीक थे। उन्होंने





पारम्परिक हस्तकला एवं आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए अतीत एवं भविष्य का अनूठा संयोजन पेश किया। प्रसिद्ध फैशन डिज़ाइनरस और इस इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित हस्तियों ने इस समारोह में गेस्ट ऑफ़ ऑनर के रूप में शिरकत की और विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। इस शानदार समारोह में शामिल होने वाले प्रमुख प्रतिष्ठित अतिथि थे रवि कुमार पासी, मिस शशि नांगिया, मिस नीतू सिंह, मिस सोनिया जेटली, डॉ. मुकेश शर्मा, मिस किरण शर्मा, राजीव बंसल, मनीष त्रिपाठी, मिस तन्मय द्विवेदी, मिस अंजलि साहनी , गगन साहनी, डीके सिंह, हिमेन्द्र गुप्ता, किशन तिवारी, मिस सपना तिवारी, मिस सोनिल जैन, कौशिक शील, मनीष आहूजा, दीपक गुप्ता, मिस अंजली मोहता, साहिल चौधरी , डॉ कपिल किशोर, और मिस शिवांगी किशोर। सत्यम ट्रिप्टिक 2023 के विजेता टेक्सटाइल डिज़ाइन श्रेणी में बेस्ट सरफेस एक्सप्लोरेशन का पुरस्कार हनी शर्मा, मणि शर्मा और रिया त्यागी द्वारा डिज़ाइन किए गए तासीर संग्रह को प्रदान किया गया। तान्या सिंह और कृतिका यादव द्वारा डिजाइन किए गए डार्क ब्लूम संग्रह ने सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक संग्रह का पुरस्कार जीता, जबकि आकांक्षा शर्मा और कृतिका माहेश्वरी द्वारा डिजाइन किए गए जूफिलिस्ट संग्रह को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन संग्रह का पुरस्कार मिला। फैशन डिजाइन श्रेणी में, आस्था केसरवानी और सुप्रिया पटेल की स्लाइस इट अप ने बेस्ट सर्फेस एक्सप्लोरेशन का पुरस्कार जीता, जबकि काव्या कुमारी, पूर्णिमा रावत और रोजा फातिमा को बेस्ट कमर्शियल कलेक्शन श्रेणी में उनके कलर योर प्रोफेशन कलेक्शन के लिए सम्मानित किया गया। रागिनी गुप्ता, साक्षी चंदेल और अनीशा चौहान को उनके प्रोजेक्ट चेंज अहेड के लिए बेस्ट रिसर्च वर्क का पुरस्कार मिला। अनीशा मित्रा और इशिता बंसल के हीलर्स-द इंस्पिरेशनल एंजल्स कलेक्शन ने बेस्ट क्रिएटिव कलेक्शन जीता और स्वाति शर्मा, श्रुति पटेल और अंशु ठाकुर के परिवर्तन कलेक्शन को बेस्ट इनोवेटिव कलेक्शन का पुरस्कार मिला। मुस्कान चौधरी, कोमल त्रिपाठी, प्रियंका भट्ट और नेहा पोरवाल द्वारा डिजाइन किए गए छाप कलेक्शन ने बेस्ट ग्रेजुएशन शो कलेक्शन का पुरस्कार जीता। लाइफस्टाइल एक्सेसरीज कैटेगरी में मिनाक्षी प्रकाश और अनुषा श्रीवास्तव के मेराकी एंड इमिटेशन कलेक्शन ने बेस्ट एक्सेसरीज्ड कलेक्शन का अवॉर्ड जीता। पीजीडीएफडी श्रेणी में, आंचल राठी, अंकिता राज, दीप्ति दोरे, दिव्या सिंह, एकता, प्राची कुमारी, राशि, शीतल वर्मा और यशी मित्तल द्वारा डिजाइन किए गए धरित्री कलेक्शन ने सर्वश्रेष्ठ ग्रेजुएशन शो और पोर्टफोलियो संग्रह का पुरस्कार जीता। अंत में, फैशन कम्युनिकेशन श्रेणी में, संपूर्ण एफसी बैच ने बेस्ट फैशन कम्युनिकेशन प्रोजेक्ट्स का अवॉर्ड जीता, जिसमें शुभ्रा अग्रवाल, श्रेया सचान, दिव्या त्यागी, रश्मी अरोड़ा, शालिनी मदान, महिमा अरोड़ा, अनन्या मजूमदार, मेघा पालीवाल, किरण वर्मा, तनिष्का जैन और खुशी परुथी का काम शामिल था।

# 'प्रोजेक्ट-के' की शूटिंग के दौरान घायल हुए अमिताभ बच्चन, पसली में लगी चोट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन हैदराबाद में अपनी फिल्म 'प्रोजेक्ट-ख' की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। बिग बी ने अपने ब्लॉग के जरिए चोटों की जानकारी दी। उन्हें पसली में चोट लग गई है। फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण भी हैं ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार हैदराबाद में प्रोजेक्ट के की शूटिंग के दौरान, एक एक्शन शॉट को परफॉर्म करते हुए अमिताभ बच्चन घायल हो गए। उन्हें रिब कार्टिलेज पॉप हो गया और दाहिनी रिब केज की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। इसके बाद डायरेक्ट शूटिंग कैंसिल कर दी।टीम के लोग उन्हें हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर से सलाह ली और सीटी स्कैन कराया और अब वो घर वापस आ गए।अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'सांस लेने और हिलने-डुलने में दर्द हो रहा है। इसलिए फिलहाल काम स्थगित कर दिया गया है।' अमिताभ बच्चन ने कहा कि वह मोबाइल पर उपलब्ध रहेंगे लेकिन ज्यादातर बेड रेस्ट पर हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि आज शाम जलसा के बाहर प्रशंसकों को देखना मुश्किल होगा और उन्हें सलाह दी कि वे उनके बंगले पर न आएं। हर रविवार को अमिताभ बच्चन के जलसा में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ती है, जहां सुपरस्टार अपने प्रशंसकों का अभिवादन करते हैं और उनका अभिवादन करते हैं। पिछले साल केबीसी के सेट पर भी अमिताभ बच्चन को चोट लग गई थी जिसके बाद सेट पर मौदूज लोग उन्हें हॉस्पिटल लेकर गए थे। जिसके बाद उन्होंने ब्लॉग पर जानकारी दी थी कि वो अब ठीक है।



# अमेरिका पहुंचे कार्तिक आर्यन को फैंस की भीड़ ने घेरा, होली सेलिब्रेशन में शामिल हुए शहजादा

कार्तिक आर्यन बॉलीवुड के उभरते हुए सितारों में से एक हैं। उन्होंने अपनी कई फिल्मों से ये साबित भी किया। पिछले महीने उनकी फिल्म शहजादा रिलीज हुई है। अब कार्तिक अमेरिका में होली फेस्ट में शामिल होने पहुंचे। जहां फैंस की बीच कार्तिक ने उनकी फिल्म 'भूल भुलैया' फिल्म का हुक स्टेप भी किया। इस दौरान उनके फैंस में खासा उत्साह देखने को मिला। यूएस में होली सेलिब्रेशन का वीडियो शेयर कर कार्तिक ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया। इसके लुटा रहे हैं। एक फैन ने इसपर कमेंट किया, 'आखिरकार अमेरिका वालों ने बुला ही लिया और ऐसा बुलाया कि आप हमेशा इसे याद रखेंगे'। वहीं एक अन्य ने लिखा, 'क्या ये फ्यूचर के शाहरुख खान हैं?', वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा,



भीड़ ने उन्हें घेर लिया और कार्तिक का नाम जोर-जोर से चिल्लाने लगे। जिसे देख कार्तिक को परदेस में भी देश का एहसास हुआ। कार्तिक ने अमेरिका में होली मनाते हुए एक वीडियो शेयर किया जिसमें उनके प्रति फैंस का प्यार नजर आ रहा है। कार्तिक आर्यन अमेरिका के डालास में हुए होली सेलिब्रेशन में शामिल हुए। वीडियो में दिख रहा है कि कैसे कार्तिक को देख उनके फैंस का हुजूम वहां उमड़ल पड़ा। कार्तिक आर्यन भी भीड़ को देख अपनी कार के ऊपर चढ़ गए। रंग और गुलाल में होली सेलिब्रेशन के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'परदेस में अपने देश वाली फीलिंग। मैं अमेरिका पहली बार आया और ऐसा बेशुमार प्यार देखकर विश्वास नहीं हुआ। डालास इतने सारे प्यार के लिए बहुत शुक्रिया। ये वाली होली हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी।' अमेरिका में कार्तिक के प्रति फैंस की दीवानगी किसी से छुपी नहीं है। अब इस वीडियो में अमेरिका में उनकी फैन फॉलोइंग देखते ही बन रही है। साथ ही उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। फैंस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में भी कार्तिक पर खूब प्यार 'प्राउड ऑफ यू कार्तिक।' कार्तिक आर्यन के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्टर की पिछले महीने ही फिल्म शहजादा रिलीज हुई है। जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। वहीं अपकमिंग प्रोजेक्ट में भूल भूलैया 3 के अलावा वो हंसल मेहता के डायरेक्शन में बनने वाली कैप्टन इंडिया की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं। वहीं, इसके अलावा वो सत्य प्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के अपोजिट नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास कबीर खान का अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट भी है।


# खालिस्तानियों को आतंकवादी घोषित करे सरकार', कंगना बोलीं- पंजाब में आतंक देख शर्मिंदगी होती है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कंगना रनोट लगभग हर विषय पर अपनी राय रखती है। पिछले दिनों अमृतसर के अजनाला पुलिस स्टेशन में हुए बवाल के बाद कंगना ने 'वारिस पंजाब डे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह पर जमकर अपनी भड़ास निकाली थी। एक्ट्रेस ने तो अमृतपाल को सीधे बातचीत की चुनौती भी दी थी, अब एक्ट्रेस ने एक और पोस्ट करके 'खालिस्तानियों' पर निशाना साधा है। कंगना ने बताया कि उनके साथ तीन साल पहले क्या हुआ था।'खालिस्तानियों' को आड़े हाथों लेते हुए कंगना ने अपने सोशल मीडिया पर पेज पर लिखा- 'जब तीन साल पहले मैंने खालिस्तान के खिलाफ आवाज उठानी शुरू की थी तो मेरे सभी ब्रांड्स ने मुझसे किनारा कर लिया। लाखों लोगों ने मुझे अनफॉलो किया। डिजाइनर्स ने मेरे साथ पिक्चर्स डिलीट कर दीं और मुझे पूरी तरह से बैन कर दिया। आज मैं सोचती हूं कि पंजाब के आतंक को देखकर उनको शर्मिंदगी होती है? क्या उनको लगता है कि उन्होंने गलत किया? या खून पीने की प्यास थी, किसका पिया, क्यों पिया यह पूछा नहीं जाना चाहिए बता दें कि इससे पहले भी एक पोस्ट में कंगना ने लिखा कि पंजाब में जो हो रहा है वो मैंने कई साल पहले ही बता दिया था। कंगना ने डिमांड की कि खालिस्तानियों को सरकार की तरफ से आतंकवादी घोषित कर देना चाहिए। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा- 6 समन, एक अरेस्ट वारंट, पंजाब में मेरी फिल्मों पर बैन, मेरी कार पर हमला। एक राष्ट्रवादी व्यक्ति देश को में एकजुटता बनाए रखने के लिए ये कीमत चुकाता है।अगर आप संविधान को मानते हैं, तो आपको इस पर कोई शक नहीं होना चाहिए।दरअसल, पिछले हफ्ते ही पंजाब में अजनाला पुलिस स्टेशन पर 'वारिस पंजाब दे' के अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने हमला किया। इसी ममाले पर कंगना ने पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था, 'अगर खालिस्तान मुझे गोली न मार दें, तो मैं बहस के लिए तैयार हूं।' अब एक बार फिर पोस्ट साझा कर वह चर्चा में आ गई हैं।



# बड़े डिजाइनर्स के लिए मॉडलिंग के बाद अब उर्फी जावेद के पास नहीं है काम


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उर्फी जावेद फैशन की दुनिया का अब जाना माना नाम बन चुकी हैं। एक समय उन्हें कोई भी डिजाइनर अपनी मॉडल नहीं बनाना चाहता था। अब वो देश के नामी डिजाइनर्स के साथ काम करने के साथ उनकी पार्टीज का हिस्सा भी बन रही हैं। उन्होंने डर्टी मैगजीन के लिए फोटोशूट कराने से लेकर टॉप स्टाइलिस्ट अनीता श्रॉफ, अबू जानी, संदीप खोसला और गौरव गुप्ता जैसे डिजाइनर्स के साथ उन्होंने काम किया है। अब उर्फी ने वो पा लिया है जिसके लिए उन्होंने इतनी मेहनत की, लेकिन अब इन डिजाइनर्स के साथ काम करने के बाद भी उर्फी के पास काम नहीं है जिसके बारे में उन्होंने खुलकर बात की। उर्फी जावेद अक्सर बोल्ड लुक में नजर आती हैं। वो अपने ड्रेसेस के साथ एक्पेरिमेंट करती रहती हैं जिसे लेकर उन्हें खासा ट्रोल होना पड़ता है। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उर्फी ने बताया, 'ये एक अच्छी फीलिंग है, लेकिन मुझे किसी से कोई वेलिडेशन नहीं चाहिए। आज मैंने जो किया, उसकी वजह से पॉपुलर हूं, ना कि इसलिए कि कुछ डिजाइनर्स मुझे ड्रेस अप कर रहे हैं। कोई डिजाइनर मुझे कपड़े नहीं देता था, इसलिए मैंने खुद से डिजाइन करना शुरू कर दिया था। मैं पहले एक बड़ा नाम नहीं थी।' उर्फी जावेद ने इसी इंटरव्यू में आगे बताया, 'मुझे खुद नहीं पता था कि मैं क्या कर रही थी, तो फिर लोग मुझ पर भरोसा कैसे करते अब वो मेरा विजन देख सकते हैं, हो सकता है कि कल मैं इंडस्ट्री में किसी नए शख्स के साथ काम न करूं, जब तक वो खुद को प्रूव नहीं करते हैं। इसलिए कोई अपने ब्रांड के साथ रिस्क नहीं लेता है। मुझे कभी प्रॉब्लम नहीं हुई कि किसी ने मुझे कपड़े नहीं दिए। मैंने अपना पॉइंट साबित किया।' उर्फी ने अपने आप को साबित किया है जिसके बाद भी फिलहाल उनके पास कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा, 'फेमस लोगों के साथ मिलने का मतलब ये नहीं कि सक्सेस मिल गई है या काम हो रहा है। सिर्फ आपकी कड़ी मेहनत आपको काम दिला सकती है। इस वक्त मेरे हाथ में कोई काम नहीं है। मैं फैशनेबल हूं, लेकिन इसमें ज्यादा काम नहीं है। मुझे उम्मीदें बाधें हुई हैं।






# अर्चना,सुम्बुल-प्रिंयका नहीं बल्कि ये हसीना बनने वाली है नई नागिन एकत कपूर ने ऐन वक्त पर बदला फैसला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एकता कपूर का नागिन, टीवी के सबसे पॉपुलर शोज में से एक है, जिसमें बहुत सारी फैंटेसी और सुपरनैचुरल क्रिएचर्स की मसालेदार स्टोरी होती है। सीजन एक से लेकर अब तक सारी ही नागिनों को लोगों ने काफी प्यार दिया है। अब सीजन 7 को लेकर चर्चा चल रही है कि इस बार एकता किसे नई नागिन के रूप में पेश करने वाली है एकता कपूर इस बार भी बिग बॉस के घर में गई थी और वहां उन्होंने कुछ एक्ट्रेसेस को वादा किया अपने नेक्स्ट प्रोजेक्ट के लिए। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी, निमृत कौर और सुम्बुल प्रमुख रहीं। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इन्हीं में से कोई एक एकता की नई नागिन बनने वाली है। इसी बीच अर्चना गौतम ने अपनी सर्प स्वरूप की तस्वीर शेयर करके सबको चौंका दिया। हाल ही में, नागिन 7 के बारे में कई अफवाहें सामने आई हैं कि इसमें एकता कपूर किसे कास्ट करने वाली जबकि सुम्बुल और प्रियंका जैसे नाम सोशल मीडिया पर फ्लोट कर रहे हैं। इसी बीच बिग बॉस 14 की विनर रुबीना दिलैक की एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसमें को नागिन अवतार में नजर आ रही हैं। तो लोगों को एकता की बात याद आ गई, जिसमें उन्होंने कहा था कि वो ऐसी नागिन लाएंगी जिसके नाम की किसी को उम्मीद नहीं होगी। हाल ही में, नागिन 7 के बारे में कई खबरे सामने आई हैं कि इसमें प्रियंका चाहर चौधरी और सुम्बुल तौकीर का नाम सामने आ रहा है। इसके अलावा खबर है कि इस बार सुधा चंद्रन इस बार भी एकता के शो में नागिन बनेंगी, जैसा कि हर बार होता है। इसके अलावा कह जा रहा है कि तेजस्वी प्रकाश भी नागिन 7 की शुरुआत में नजर आ सकती हैं और अर्चना गौतम से भी मेकर्स ने संपर्क किया है।










# रिलीज हुआ एक्शन से भरपूर 'भोला' का ट्रेलर, अजय कैदी तो पुलिस के रोल में तब्बू ने डाली जान


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दृश्यम 2 की आपार सफलता के बाद फैंस अब अजय देवगन की अगली फिल्म भोला का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के टीजर और वीएफएक्स दर्शकों को पहले ही इंप्रेस कर चुके हैं। अब अजय देवगन ने फैंस का इंतजार खत्म करते हुए भोला का थ्रिलर से भरपूर ट्रेलर रिलीज कर दिया है। भोला के ट्रेलर रिलीज की तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही थी। अजय देवगन ने बीते हफ्ते ही ट्रेलर के रिलीज डेट की घोषणा कर दी थी। हालांकि, फैंस का एक्साइटमेंट बनाए रखने के लिए बीच में कई बार नए मोशन पोस्टर्स के साथ एक्टर ट्रेलर की अपडेट देते रहे थे। अब आखिरकार फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। दृश्यम 2 के बाद अजय की भोला भी साउथ फिल्म का आधिकारिक हिंदी रीमेक है। भोला की कहानी साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म कार्थी से ली गई है। ओरिजिनल फिल्म में एक्टर कार्थी ने लीड रोल निभाया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार बिजनेस किया था। भोला के स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में अजय देवगन के साथ एक बार फिर तब्बू स्क्रीन स्पेस शेयर करते हुए नजर आएंगी। इनके अलावा फिल्म में दीपक डोबरियाल और शरद केलकर जैसे मंझे हुए कलाकारों का नाम भी शामिल है। फिल्म में तब्बू एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में हैं तो वहीं, दीपक डोबरियाल निगेटिव रोल में नजर आएंगे। भोला की कहानी भोला की कहानी की बात करें तो यह ड्रग माफिया के इर्द-गिर्द घूमती हैं। फिल्म में बाप-बेटी के बीच की बॉन्डिंग भी देखने को मिलेगी। भोला 30 मार्च, 2023 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म को 3डी और आईमैक्स में दोनों में रिलीज किया जाएगा।भोला में एक्टिंग करने के साथ-साथ अजय ने फिल्म को डायरेक्ट भी किया है। यह उनके डायरेक्शन में बनी चौथी फिल्म है, इससे पहले अजय यू मी और हम, शिवाय, रनवे 34 जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। वहीं, भोला के प्रोडक्शन की जिम्मेदारी टी-सीरीज, रिलायंस एंटरटेनमेंट और अजय देवगन फिल्म्स ने ली है।





# लेदर जैकेट में एयरपोर्ट पहुंची दीपिका पादुकोण, नेटिजन्स बोले- 'मार्च की गर्मी में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनका ड्रेसिंग सेंस भी खासा चर्चाओं में रहता है। अब दीपिका पादुकोण अपने ड्रेसिंग सेंस को लेकर ही ट्रोल हो रही हैं। एयरपोर्ट पर लेदर जैकेट पहनकर पहुंची दीपिका अब ट्रोल हो रही हैं। मार्च की गर्मी में उनका ये लुक देख फैंस को हैरानी हुई। दीपिका पादुकोण फैशनिस्टा हैं। एयरपोर्ट पर वो स्लीक लेदर जैकेट और पोलो-नेक टी-शर्ट में नजर आईं। जिसे उन्होंने बैगी डेनिम और बूट्स के साथ पेयर किया था। वो हमेशा की तरह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। पैपराजी अकाउंट वीरल भयानी ने उनका ये वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। दीपिका को एयरपोर्ट पर लेदर जैकेट में देख नेटिजन्स ने दीपिका पादुकोण को ट्रोल कर दिया। जहां एक ओर मुंबई में पारा चढ़ रहा है ऐसे में ट्रोलर्स ने मार्च की गर्मी ने में दीपिका को लेदर जैकेट में देख उनका मजाक उड़ाया। उनके इस वीडियो को देख एक यूजर ने लिखा, 'गर्मी में लेदर जैकेट कौन पहनता है' वहीं एक अन्य ने लिखा, 'गर्मी में लेदर जैकेट और बूट्स', एक अन्य ने लिखा, 'ठंड है क्या मुंबई में' एक यूजर ने लिखा, 'अरे बाप रे.. मार्च की गर्मी में जैकेट'। वहीं एक यूजर ने कमेंट किया, 'दीपिका को अपना ड्रेसिंग स्टाइल बदलने की जरुरत है'। वहीं कई ट्रोलर्स ने रात में उनके सनग्लासेस पहनने के स्टाइल को भी ट्रोल कि दीपिका पादुकोण स्टार होने के नाते हर चीज के लिए सुर्खियां बटोरती हैं। हाल ही में, उन्हें 95वें एकेडमी ऑस्कर अवॉर्ड को पेश करने के लिए चुना गया है जिसे लेकर वो काफी चर्चाओं में हैं। दीपिका पादुकोण के व क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान में नजर आई थीं। इस फिल्म की सक्सेस सेलिब्रेट करने के बाद अब दीपिका अपने अगले प्रोजेक्ट फाइटर की शूटिंग में बिजी हो गई हैं।





# एमसी स्टैन ने सानिया मिर्जा के फेयरवेल मैच में किया कुछ ऐसा, अब फैंस कर रहे रैपर की जमकर तारीफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बिग बॉस 16 विनर एमसी स्टैन इन दिनों देशभर में कॉन्सर्ट कर रहे हैं। पिछला वीकेंड उनके लिए काफी हेक्टिक रहा। बेंगलुरु में अंडर 25 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद, वह सानिया मिर्जा के विदाई मैच में परफॉर्म करने के लिए हैदराबाद गए। अब स्टैन की काफी तारीफ हो रही है और फैंस उन्हें असली स्टार बता रहे हैं। आपको याद दिला दें कि बिग बॉस 16 के खत्म होने के एक दिन बाद ही फिल्म मेकर फराह खान ने अपने घर पर पार्टी दी थी। जिसमें एमसी स्टैन सहित सारे बिग बॉस कंटेस्टेंट्स शामिल हुए थे। इसी पार्टी में सानिया और स्टैन की मुलाकात हुई थी। स्टैन ने बिजी शेड्यूल होने के बावजूद सानिया के फेयरवेल में परफॉर्म किया। वो सिर्फ दो घंटे के लिए हैदराबाद आए थे और फिर रात के कॉन्सर्ट के लिए मुंबई लौट गए। एमसी स्टैन ने दर्शकों के सामने अपने सॉन्ग एक दिन प्यार पर परफॉर्म किया। ऑडियंस ने तालियों और सीटियों के साथ उनका स्वागत किया। स्टैन ने इंस्टा स्टोरीज में सानिया को अपनी अप्पा (बड़ी बहन) कह कर टैग किया। एमसी स्टैन बाहर आए और सानिया मिर्जा को गले लगा लिया। फैंस उनके इस अंदाज के कायल हो गए हैं।

# हेरा फेरी 3 में संजय दत्त की एंट्री हुई कन्फर्म, 'तोतला गैंग' के इस किरदार से है कनेक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी स्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म हेरा फेरी अपने तीसरे पार्ट को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में इस बार संजय दत्त के नजर आने की खबर सामने आई है, जिसपर अब एक्टर ने चुप्पी तोड़ी है। हेरी फेरी 3 को लेकर खबरें सामने आई थी कि ये फिल्म साल 2006 में आई फिर हेरा फेरी का सिक्वेल होगी। फिल्म में संजय दत्त विलेन रवि किशन के बड़े भाई का किरदार निभाएंगे और तोतला गैंग का एक अहम हिस्सा होंगे। अब संजय दत्त ने फिल्म में अपनी एंट्री को खुद ही कन्फर्म कर दिया। संजय दत्त ने किया कन्फर्म संजय दत्त हाल ही में एक इवेंट अटेंड करने पहुंचे। जहां उन्हें मीडिया ने स्पॉट किया। एक्टर ने मीडिया से बात की और फिल्म के प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला संग अपनी बॉन्डिंग के बारे में भी बताया। संजय ने कहा, 'ये कमाल की फ्रेंचाइजी है और इसका हिस्सा बनकर मैं बेहद खुश हूं। फिरोज और मेरा रिश्ता भी बहुत पुराना है। अक्षय कुमार, संजय दत्त और परेश रावल संग काम करना शानदार अनुभव है।'कुछ दिनों पहले हेरा फेरी 3 को लेकर सुनील शेट्टी ने भी पुष्टि की थी। एक्टर ने लिंक्डइन पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी थी। एक्टर ने पोस्ट में कहा, 'तो हेरा फेरी 3 आखिरकार बन रही है! परेशजी और अक्की के साथ सेट पर वापस आने के लिए तैयार हूं। सभी अच्छी चीजों की तरह, इसमें भी कुछ समय लगा, लेकिन आखिरकार इस सवाल का जवाब मिलना राहत की बात है फिल्म का बिजनेस हेरा फेरी की बात करते हुए सुनील शेट्टी ने आगे कहा, 'फिल्में हमारी संस्कृति का एक बड़ा हिस्सा हैं, और फिर भी बहुत से लोग यह नहीं समझते हैं कि फिल्म बनाने में कितनी मेहनत लगती है। क्रिएटिव चुनौतियों के अलावा, बिजनेस मॉडल और फिल्म बिजनेस की जरूरतें इसे किसी बाकी चीजों की तरह ही चुनौतीपूर्ण बनाती हैं।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।